दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K ✌ K
RNI No.61546/95

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-32 अंक-05 नर्मदापुरम (होशंगाबाद) रविवार 08 फरवरी 2026 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना

# सूरजकुंड मेले में झूला गिरा, इंस्पेक्टर की मौत, 11 पर्यटक जख्मी



फरीदाबाद, (ए.)। फरीदाबाद में चल रहे अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड मेले में शनिवार को झूला गिरने से हरियाणा पुलिस के एक इंस्पेक्टर की मौत हो गई, जबकि 12 अन्य पर्यटक घायल हो गए। घायलों में से नौ को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है और तीन अन्य को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हरियाणा सरकार ने घटना की जांच के आदेश जारी कर दिए हैं। हादसे के बाद मेला स्थल को खाली करवा लिया गया है। हरियाणा के मुख्यमंत्री तथा पर्यटन मंत्री ने हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया है। फरीदाबाद के जिला उपायुक्त से रविवार सुबह तक जांच रिपोर्ट मांग ली गई है। सूरजकुंड में शनिवार को एक के बाद एक दो हादसे हुए हैं। सूरजकुंड मेले में शनिवार व रविवार को अन्य दिनों के मुकाबले भारी भीड़ रहती है। आज शाम यहां गेट गिरने से एक बच्चा व एक युवा घायल हो गए। बताया जा रहा है गेट नंबर दो हिल रहा था। ऐसे में मेला प्रबंधन के कर्मचारी गेट को ठीक कर रहे थे। उन्होंने लोगों को उस तरफ जाने से रोका हुआ था। इस दौरान हवा के झोंके के साथ गेट गिर गया। वहां से गुजर रहे सेक्टर-28 निवासी सुमित मल्होत्रा घायल हो गए। उन्हें बादशाह खान अस्पताल लाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। इसमें एक बच्चे को भी मामूली चोट आई। अभी मेला आयोजक इस स्थिति को सामान्य कर ही रहे थे कि मेला परिसर में लगा तूफानी नामक झूला टूट गया। झूले में 18 लोग सवार थे। झूला टूटने से मेला परिसर में भगदड़ मच गई। इस हादसे में पुलिस कर्मचारियों सहित एक दर्जन लोग जख्मी हो गए। हादसे का शिकार हुए झूले की चेन पुरानी होने के कारण यह घटना हुई है। हादसे के बाद यहां अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। घटना की सूचना मिलते ही जिला उपायुक्त आयुष सिन्हा समेत कई अधिकारी मौके पर पहुंचे।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का जगदलपुर के मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट में आत्मीय स्वागत।

## दर्दनाक हादसा
## यमुना एक्सप्रेसवे पर कटेनर ने 15 लोगों को कुचला, 6 की मौत-कई घायल

मथुरा(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में शनिवार तड़के एक भीषण सड़क हादसे में छह लोगों की मौत हो गई, जबकि नौ अन्य घायल हो गए। हादसा सुरीर थाना क्षेत्र में माइल स्टोन 88 के पास यमुना एक्सप्रेस-वे पर हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिल्ली से कानपुर जा रही एक बस के कुछ यात्री लघुशंका के लिए एक्सप्रेस-वे पर उतरे थे। बस चालक ने निर्धारित 'ग्रीन जोन' में बस रोकने के बजाय सड़क किनारे ही वाहन खड़ा कर दिया। इसी दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार कंटेनर ने पहले बस को टक्कर मारी और फिर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े यात्रियों को कुचलते हुए आगे बढ़ गया।

## राष्ट्रीय दलहन आत्मनिर्भरता मिशन में केन्द्र सरकार के साथ मिलकर करेंगे काम : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### दालें प्रोटीन का सबसे बढ़ा स्त्रोत, इसकी उत्पादकता और पोषण बढ़ाने के लिए आगे आएं किसान



सीहोर (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश की उपजाऊ धरती, समृद्ध जल संसाधन और अनुकूल जलवायु हमारी सबसे बड़ी ताकत हैं। इकार्डा जैसे अंतर्राष्ट्री य अनुसंधान संस्थान का सशक्त होना प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। भारत में अन्न केवल उत्पादन नहीं, बल्कि जीवन, संस्कृति और संस्कार का आधार है अन्न देवो भव: हमारी कृषि परंपरा का मूल मंत्र है। मध्यप्रदेश 'कृषक कल्याण वर्ष' मना रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 'बीज से बाजार तक' किसान के साथ खड़ी सरकार ने दलहन आत्मनिर्भरता मिशन की शुरुआत की है। इसका लक्ष्य वर्ष 2030-31 तक दलहन उत्पादन को 350 लाख टन तक पहुंचाना, आयात निर्भरता कम करना और किसानों की आय बढ़ाना है। इस मिशन किसानों को बेहतर बीज, आधुनिक भंडारण और सुनिश्चित विपणन की सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा दाल उत्पादक एवं उपभोक्ता देश है। दलहन उत्पादन में मध्यप्रदेश देश में पहले स्थान पर है, जिससे इस मिशन का सर्वाधिक लाभ प्रदेश के किसानों को मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को सीहोर जिले के अमलाहा स्थित खाद्य दलहन अनुसंधान केंद्र में दलहन आत्मनिर्भरता राष्ट्रीय मिशन के अंतर्गत आयोजित राष्ट्रीय परामर्श एवं रणनीति सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दीप प्रज्ज्वलित कर राष्ट्रीय परामर्श एवं रणनीति सम्मेलन का शुभारंभ किया।

## मेघालय कोयला खदान हादसा : दो और शव बरामद, मरने वालों की संख्या 24 हुई

शिलांग, (ए.)। मेघालय के ईस्ट जयंतिया हिल्स जिले में एक अवैध कोयला खदान में हुए विस्फोट में हादसे के तीसरे दिन शनिवार को दो और शव बरामद हुए हैं। अब तक मरने वालों की संख्या बढ़कर 24 हो गई है। घटनास्थल पर अभियान चला रहे एनडीआरएफ के एक अधिकारी ने इसकी पुष्टि की है। यह विस्फोट गुरुवार (5 फरवरी) को उम्सनगट गांव के थांगस्कू इलाके में एक खदान में हुआ था, जिसके बाद राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ), राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ), अग्निशमन समेत कई एजेंसियों द्वारा बड़े पैमाने पर तलाशी और बचाव अभियान चलाया जा रहा है। घटना के पहले दिन 18 शव बरामद किए गए थे।

## बिहार के पूर्णिया से सांसद पप्पू यादव 31 साल पुराने मामले में गिरफ्तार



पटना, (ए.)। बिहार में पटना के बुद्धा कॉलोनी थाना क्षेत्र से पूर्णिया से सांसद पप्पू यादव को बीती आधी रात 31 साल एक पुराने मामले में गिरफ्तार कर लिया गया। पटना पुलिस ने यादव को मंदिरी इलाके में घर से गिरफ्तार किया। भारी पुलिस बल के साथ एसपी सिटी भानु प्रताप सिंह और एसएसपी कार्तिकेय शर्मा के नेतृत्व में टीम पहुंची थी। गिरफ्तारी पर समर्थकों ने विरोध जताया और नारेबाजी की।पप्पू यादव दिल्ली से पटना लौटे ही थे कि पुलिस टीम उनके घर पहुंच गई। अफसरों और पांच थानों की टीम ने वारंट दिखाते हुए गिरफ्तारी की । पप्पू यादव ने शुरू में विरोध किया और कहा कि वे शनिवार सुबह खुद कोर्ट में पेश होंगे। उनके समर्थकों और पुलिस के बीच बहस हुई। पप्पू यादव ने चिल्लाकर कहा कि ये लोग उन्हें मारने आए हैं और गिरफ्तारी का वारंट नहीं दिखाया गया, बल्कि संपत्ति कुर्की का कागज निकाला गया।गिरफ्तारी से पहले पप्पू यादव ने मीडिया से बातचीत में दावा किया कि यह राजनीतिक साजिश है।

## दिल्ली और आगरा जैसे बड़े शहरों को दहलाने की साजिश, पाकिस्तान से लश्कर आतंकी की गीदड़ भभकी



नई दिल्ली(आरएनएस)। प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के शीर्ष आतंकी सैयद अब्दुल रहमान नकवी ने दिल्ली, आगरा और ढक्कन समेत भारत के अन्य बड़े शहरों पर हमले की खुली धमकी दी है। आतंकी संगठन की ओर से दी गई यह धमकी उसकी बौखलाहट और हताशा को दर्शाती है।

जानकारी के अनुसार तथाकथित 'कश्मीर सॉलिडैरिटी डे' के मौके पर जैश-ए-मुहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े आतंकियों ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में सार्वजनिक रैलियां निकालीं। इन रैलियों के दौरान भारत के खिलाफ भड़काऊ भाषण दिए गए और बड़े शहरों को निशाना बनाने की धमकियां दी गईं।

इस दौरान सैयद अब्दुल रहमान नकवी ने भारत को लेकर विवादित और उकसाने वाले बयान दिए। उसने कहा कि कश्मीर को अलग कराने के नाम पर उसका संगठन अपने पुराने मंसूबों पर कायम है और भारत के प्रमुख शहरों को निशाना बनाने की बात दोहराई। बताया जा रहा है कि सैयद अब्दुल रहमान नकवी लश्कर-ए-तैयबा के मुखौटा संगठन मिल्ली मुस्लिम लीग का नेता है। उसे लश्कर सरगना हाफिज सईद के बेटे तल्हा सईद का करीबी सहयोगी भी माना जाता है। सुरक्षा एजेंसियां आतंकी संगठनों की इन गतिविधियों पर कड़ी नजर बनाए हुए हैं।

## बीएमसी में पहली बार बीजेपी का मेयर, रितु तावड़े बनेंगी मुंबई की नई महापौर, शिवसेना के संजय शंकर घाड़ी डिप्टी मेयर



मुंबई (आरएनएस)। महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई की बृहन्मुंबई महानगरपालिका (BMC) में सियासी इतिहास रचते हुए पहली बार भारतीय जनता पार्टी का मेयर बनने जा रहा है। BJP की वरिष्ठ कॉर्पोरेटर रितु तावड़े को बीएमसी की अगली महापौर चुना गया है। वहीं शिवसेना (एकनाथ शिंदे गुट) के संजय शंकर घाड़ी डिप्टी मेयर की जिम्मेदारी संभालेंगे।रितु तावड़े लंबे समय से मुंबई नगर निगम की सक्रिय और अनुभवी पार्षद रही हैं। उन्होंने वर्ष 2012 में वार्ड नंबर 127 से चुनाव जीतकर निगम में कदम रखा था। इसके बाद 2017 में वह घाटकोपर के वार्ड नंबर 121 से निर्वाचित हुईं। हालिया चुनाव में 2025 में उन्होंने वार्ड नंबर 132 से जीत दर्ज की। रितु तावड़े मुंबई म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन की एजुकेशन कमिटी की चेयरपर्सन भी रह चुकी हैं, जहां उन्होंने शिक्षा से जुड़े कई अहम फैसलों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।वहीं शिवसेना (शिंदे गुट) ने बीएमसी के उपमहापौर पद के लिए संजय शंकर घाड़ी के नाम की घोषणा की है पार्टी द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, यह फैसला शिवसेना मुख्यनेता और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के निर्देश पर लिया गया।





## 20 रुपये की रिश्वत के आरोप में 30 साल लड़े, निर्दोष साबित होने के अगले ही दिन कांस्टेबल की मौत

अहमदाबाद(आरएनएस)। कहते हैं इंसाफ में देरी भी एक तरह का अन्याय है, लेकिन गुजरात में एक पुलिस कांस्टेबल के साथ जो हुआ, उसने इस कहावत को एक दर्दनाक हकीकत में बदल दिया। महज 20 रुपये की रिश्वत के आरोप में अपनी पूरी जवानी अदालतों के चक्कर काटने में बिताने वाले कांस्टेबल बाबूभाई प्रजापति को 30 साल बाद जब न्याय मिला, तो वे उसे भोगने के लिए जिंदा नहीं रह सके। गुजरात हाई कोर्ट द्वारा बाइज्जत बरी किए जाने के महज 24 घंटे के भीतर ही उनकी मौत हो गई। यह मामला न केवल न्याय व्यवस्था की धीमी रफ्तार पर सवाल उठाता है, बल्कि एक ईमानदार आदमी के मानसिक संघर्ष की भी गवाही देता है।यह पूरा मामला साल 1996 का है, जब अहमदाबाद के वेजलपुर थाने में तैनात कांस्टेबल बाबूभाई प्रजापति पर 20 रुपये की रिश्वत लेने का आरोप लगा था।

## प्रशासन से नहीं संभल रही रामजी बाबा मेला क्षेत्र की यातायाता व्यवस्था

### आज सबसे ज्यादा तहस नहस होगी यातायात व्यवस्था
### चारों दरबाजों के आसपास से हटाया जाना चाहिए अतिक्रमण

नर्मदापुरम (निप्र)। रामजी बाबा मेले के दौरान दोनों तरफ के मार्ग की यातायात व्यवस्था संभालने में प्रशासन नाकामयाब हो रहा है। दोपहर के समय से हर घंटे में जाम लगता है। आज रविवार को अवकाश रहने तथा वैवाहिक लग्न के चलते शहर वासी और अधिक परेशान होंगे। क्योंकि प्रशासन के द्वारा व्यवस्था बनाने के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है। रामजी बाबा के चारों दरबाजों के आसपास से अतिक्रमण नहीं हटने के कारण दरबाजों पर जमकर जाम की नौबत लग रही है। वहीं सड़कों पर दूर दूर तक हर कभी जाम लग रहा है। क्योंकि गेट के पास दुकान लग गई उसके बाद वहीं सड़क् पर ही वाहन पार्किंग कर दी। उसके बाद आटो आ रहे जा रहे हैं। जिससे भी यातायात व्यवस्था बिग़ड़ रही है। पूर्व में ही सुझाव दिया गया था कि मेला अवधि के दौरान शहर के मुख्य क्षेत्र में यातायात व्यवस्था पर प्रशासन को विशेष ध्यान देना चाहिए। लेकिन सिर्फ वेरीकेट लगाने से या रास्ता रोक देने से, वन वे कर देने से व्यवस्था नहीं सुधरती। व्यवस्था बनाने के लिए विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। जबावदार अधिकारियों को बिना हूटर वाली प्रायवेट गाडी में बैठकर निकलकर देखना चाहिए। जिससे यह पता चल सके कि यातायात व्यवस्था कैसे सुधारी जा सकती है। यातायात की व्यवस्था सुधारने के लिए प्रशासन में बैठे अधिकारी ही गंभीर नहीं है। मेला अवधि में शहर के दोनों ओर के मार्गों पर शहरवासियों को बहुत परेशान होना पड़ता है। क्योंकि लापरवाहों को कोई असर नहीं होता है। यदि वास्तव में सुधार किए जाने की मानसिकता बनाई जाए तो मेला क्षेत्र के चारों ओर के दरवाजों पर ध्यान दिया जाना चाहिए। वहां पर 100 मीटर की दूरी तक किसी प्रकार का व्यवधान नही हो इसके लिए दरवाजों पर अतिक्रमण नहीं होना चाहिए। पार्किंग के लिए जिस तरफ से वाहन आते हैं उनके लिए अस्थाई पार्किंग की व्यवस्था होनी चाहिए। जैसे रसूलिया, ग्वालटोली व बालागंज सहित पुराने बाजार क्षेत्र से आने वाले वाहनों की पार्किंग राज्यपरिवहन बस स्टेंड, पुराने बस स्टेंड पर जगह बनाकर की जानी चाहिए। सदर बाजार कोठी बाजार व मीनाक्षी क्षेत्र की ओर सेआने वालों के लिए एसएनजी स्टेडियम में पार्किंग की जानी चाहिए।

### अभी दो रविवार और पड़ेंगे

इस बार मेला अवधि के दौरान तीन रविवार तीन गुरूबार और तीन शुक्रवार पड रहे है।



रविवार को ग्रामीण अंचल से बहुत लोग आते हैं। सरकारी अवकाश रहने से उस दिन सरकारी कर्मचारियों के परिवार भी मेला आते हैं। गुरूबार को बाजार बंद रहता है इसलिए व्यापारियों के परिवार के लोग मेला आते हैं। शुक्रवार को मुस्लिम परिवार के लोग अपने कारोबार को बंद रखते हैं और मेला पहुंचते हैं इसलिए इन तीनों दिन व्यवस्थाएं काफी बिगडती हैं इसलिए पार्किंग की व्यवस्ता और दरवाजों के पास के अतिक्रमण नहीं हटाए गए तो लोगों को पहले से ज्यादा परेशानी होगी।

### आदमगढ की पुलिया चालू नहीं कर पाए जबावदार

यदि शहर के तथाकथित जनप्रतिनिधि व प्रमुख जबावदार आदमगढ़ की पुलिया को आवागमन के लिए चालू करवा देते तो सड़क पर यातायात का दबाव कुछ कम हो सकता है। लेकिन मामूली साफ सफाई कर फोटो खिचवा कर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर दी।



# मुख्यमंत्री डॉ. यादव सीतामढ़ी धाम ग्राम गंधिया में माता शबरी की प्रतिमा का करेंगे अनावरण

भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 8 फरवरी को शहडोल जिले के जयसिंहनगर में सीतामढ़ी धाम ग्राम गंधिया में माता शबरी की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। सीतामढ़ी धाम श्रीरामचन्द्र पथगमन मार्ग में आता है। ऐसी मान्यता है कि भगवान श्री राम वन गमन की यात्रा अयोध्या से शुरू कर चित्रकूट होते हुए दण्डकारण्य होकर श्री लंका पहुंचे थे। इस यात्रा के दौरान 248 प्रमुख स्थलों पर उन्होंने विश्राम किया था। शहडोल जिले का गंधिया ग्राम भी इन 248 चिन्हित स्थानों में से एक है। दण्डकारण्य में प्रवेश से पूर्व ऐसी मान्यता है कि भगवान श्रीराम माता सीता तथा अनुज लक्ष्मण भी का गंधिया ग्राम में विश्राम हुआ था। मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ की सीमा से लगे इस गांव में माता सीता की रसोई तथा भगवान श्रीराम मंदिर मौजूद है।

### मुख्यमंत्री 767 करोड़ लाख रूपयों की लागत वाले 142 कार्यों का करेंगे लोकार्पण एवं भूमि-पूजन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव 08 फरवरी को जयसिंहनगर जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत गंधिया में आयोजित कार्यक्रम में 767 करोड़ की लागत वाले निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन करेंगे। इन कार्यों में 633 करोड़ रूपए लागत वाले 82 निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया जाएगा। इन कार्यों में एमपी आरडीसी, मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग भवन, मध्यप्रदेश लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, नगरीय प्रशासन, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग, मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, जनजातीय कार्य विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, जल संसाधन विभाग तथा मध्यप्रदेश पूर्व विद्युत क्षेत्र वितरण कंपनी के कार्य शामिल हैं।

### इन कार्यों का होगा भूमि-पूजन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव 134 करोड़ की लागत वाले 60 निर्माण कार्यों का भूमि-पूजन करेंगे। इन कार्यों में जनजातीय कार्य विभाग के 27 कार्य लागत 33 करोड़,



नगरीय प्रशासन विभाग के 02 कार्य लागत 28 करोड़, मध्यप्रदेश भवन विकास निगम के 05 कार्य लागत 25 करोड़, मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग के 05 कार्य लागत 20 करोड़, मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग भवन पीआईयू, के 02 कार्य लागत 10.74 करोड़, मध्यप्रदेश पूर्वी क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के 02 कार्य लागत 07 करोड़ 77 लाख, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के 12 कार्य लागत 4 करोड़ 78 लाख, मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण के 02 कार्य लागत 2करोड़ 39 लाख तथा लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग के 03 कार्य लागत 1.5 करोड़ की लागत वाले कार्य शामिल हैं।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव धनपुरी में नवनिर्मित वॉटर पार्क का करेंगे लोकार्पण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव धनपुरी नगरपालिका द्वारा 20 करोड़ रूपए की लागत से बनाए गए वॉटर पार्क का लोकार्पण करेंगे। वॉटर पार्क में क्लब हाउस, स्वीमिंग पूल, बच्चों एवं युवाओं के मनोरंजन के व्यवस्था की गई है। स्वीमिंग पूल का निर्माण, मिनी ओलंपिक के मापदण्ड के अनुसार किया गया है।

### 15 हितग्राहियों को नियुक्ति पत्र किये जायेंगे वितरित

मुख्यमंत्री डॉ. यादव एसईसीएल द्वारा अधिग्रहित भूमि के 15 हितग्राहियों को नियुक्त पत्र भी वितरित करेंगे। कार्यक्रम में वनाधिकार पट्टों का वितरण, ग्रामीण आजीविका मिशन के स्व-सहायता समूहों को सीसीएल का वितरण, महिला बाल विकास विभाग द्वारा पोषण किट, स्पांसरशिप योजना का लाभ तथा श्रम विभाग द्वारा दुर्घटना, मृत्यु एवं, सामान्य मृत्यु के हितग्राहियों को राहत राशि का वितरण किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कूनो राष्ट्रीय उद्यान में 5 शावकों के जन्म पर किया हर्ष व्यक्त




भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कूनो राष्ट्रीय उद्यान के चीता परिवार में 5 शावकों के जन्म पर हर्ष व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि श्योपुर स्थित कूनो नेशनल पार्क में वन्य जीव संरक्षण के क्षेत्र में एक और अभूतपूर्व उपलब्धि दर्ज की गई है। मादा चीता आशा ने 5 स्वस्थ शावकों को जन्म दिया है, जिससे भारत के चीता पुनर्स्थापन अभियान को नई मजबूती मिली है।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अब भारत में जन्मे चीतों की संख्या बढ़कर 24 हो गई है, जबकि कूनो में कुल चीतों की संख्या 35 तक पहुँच गई है। यह उपलब्धि मध्यप्रदेश को देश में वन्य जीव संरक्षण के एक प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करती है। इस सफलता का श्रेय समर्पित वन अमले और पशु चिकित्सकों की सतत निगरानी, वैज्ञानिक प्रबंधन और अथक मेहनत को जाता है। कूनो में हो रहा यह सकारात्मक विकास भारत की जैव-विविधता संरक्षण यात्रा में एक मील का पत्थर साबित हो रहा है।

## शक्ति से सुरक्षा की ओरः सृजन कार्यक्रम का भव्य समापन

### निशातपुरा भोपाल में 350 बच्चों ने दिखाया आत्मरक्षा का कौशल

भोपाल (निप्र)। राजधानी के निशांतपुरा थाना क्षेत्र में कम्युनिटी पुलिसिंग की भावना को धरातल पर उतारते हुए आयोजित 16 दिवसीय 'सृजन' कार्यक्रम का भव्य समापन समारोह सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। पुलिस विभाग और मुस्कान संस्था के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर में गांधीनगर, आरिफ नगर, कमला नगर और एहसान नगर के लगभग 350 बच्चों ने भाग लेकर आत्मरक्षा और व्यक्तित्व विकास के गुर सीखे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी डॉ. विनीत कपूर (DIG), श्रीमती किरण लता केरकेट्टा (DIG), मयूर खंडेलवाल (DCP ZONE-4), अमृत मीणा (AIG) और अक्षय चौधरी (ACP) निशातपुरा उपस्थित रहे। साथ ही थाना प्रभारी (TI) मनोज पटवा, एस.आई. अशोक शर्मा एवं निशातपुरा थाने का समस्त स्टाफ, मुस्कान संस्था, यूथ फैसिलिटेटर्स सहित उदय संस्था के स्टाफ की विशेष उपस्थिति रही। समारोह का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ, जिसके बाद बच्चों ने मराठी और गोंडी लोक नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुति देकर सांस्कृतिक विविधता का परिचय दिया।

## अक्षरधाम मंदिर में उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने की नागरिकों की सुख-समृद्धि के लिये प्रार्थना

भोपाल (निप्र)। उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने इंदौर में स्वामीनारायण अक्षरधाम मंदिर में स्वामीनारायण की आरती कर नागरिकों के लिए सुख एवं समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि स्वामीनारायण अक्षरधाम मंदिर इंदौर अतिसुंदर रूप में निर्मित हुआ है। मंदिर में आकर अत्यंत आत्मिक शांति मिली है। मंदिर से बड़ी संख्या में भक्त जुड़कर सफलतम जीवन की कामना करते हैं और जीवन के हर क्षेत्र में सफल होते हैं। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि यहां पहुंचकर स्वामीनारायण के दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। पूर्व सांसद कृष्णमुरारी मोघे ने भी स्वामीनारायण भगवान की आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया। अतिथियों को मंदिर समिति के सेवादारों ने शॉल, श्रीफल एवं साहित्य भेंट किया। इस अवसर पर जे.पी. मूलचंदानी, नीलेंद्र अजमेरा, राकेश अजमेरा, रमेश भाई पटेल, गिरीश नीमा सहित सेवा मंडल के सदस्य उपस्थित थे।

## बैंककर्मी ने किया सुसाइड, घर के पीछे पेड़ पर फंदे पर लटका मिला शव, पुलिस जांच में जुटी

भोपाल (निप्र)। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के टीला जमालपुरा थाना क्षेत्र में रहने वाले एक बैंककर्मी ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। शनिवार सुबह उनका शव उसकी बुआ के घर के पिछले हिस्से में पेड़ पर फंदे पर लटका मिला। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मर्ग कायम किया और जांच शुरू कर दी है।

जानकारी अनुसार मृतक की पहचान 28 वर्षीय हिमांशु रायकवार पुत्र सुनील कुमार रायकवार के रूप में हुई है। वे रेजीमेंट रोड, टीला जमालपुरा क्षेत्र में रह रहे थे और मूल रूप से इटारसी के निवासी थे। मृतक के परिजनों के



अनुसार, हिमांशु पिछले करीब पांच वर्षों से भोपाल में अपनी बुआ के साथ रह रहे थे। शनिवार सुबह परिजनों ने घर के पिछले हिस्से में मूंगे के पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटका देखा। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। प्रारंभिक जांच में मृतक के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। जांच के लिए उनका मोबाइल फोन जब्त कर लिया गया है, जिसकी तकनीकी जांच की जा रही है।हिमांशु एक सरकारी बैंक में आउटसोर्स कर्मचारी के रूप में प्यून का कार्य कर रहे थे। परिजनों ने आत्महत्या के पीछे किसी स्पष्ट कारण की जानकारी नहीं दी है। पुलिस का कहना है कि सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच की जा रही है और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद स्थिति और स्पष्ट होगी। 00

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गरीब परिवार की समस्याओं का कराया त्वरित समाधान

भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर के एक गरीब परिवार की समस्याओं का त्वरित समाधान कराया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंदौर में श्री दिनेश प्रजापत एवं उनकी माता श्रीमती रामप्यारी बाई की विषम परिस्थितियों को देखते हुए पेंशन और उनके उपचार से संबंधित प्रकरणों को संज्ञान में लिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर त्वरित केवायसी करवाकर पेंशन प्रक्रिया शुरू कराई। अरविंदो अस्पताल में श्रीमती रामप्यारी के समुचित उपचार की व्यवस्था कराई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश भी दिए।

## मध्यप्रदेश पुलिस की अवैध गौवंश एवं पशु तस्करी पर बड़ी कार्रवाई




भोपाल (निप्र)। मध्यप्रदेश पुलिस ने प्रदेशभर में अवैध गौवंश एवं पशु तस्करी के विरुद्ध उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। पुलिस की सक्रिय, समन्वित और तकनीकी रूप से सशक्त कार्रवाई के परिणामस्वरूप विगत 7 दिनों में 141 गौवंश एवं अन्य पशुओं को सुरक्षित मुक्त कराया गया। तस्करी में प्रयुक्त वाहनों को भी जब्त किया गया है।थाना नौगांव पुलिस ने सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए फोरलेन हाईवे पर एक संदिग्ध 16 चक्का ट्रक को रोका। तलाशी के दौरान ट्रक में क्षमता से अधिक 45 मवेशी भरे पाए गए। इस कार्यवाही में पुलिस ने 03 आरोपियों को गिरफ्तार किया।कोतमा पुलिस ने एक ट्रक से 22 नग भैंस/पाड़ा बरामद किए। इस कार्यवाही में पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक देशी कट्टा और 02 जिंदा कारतूस भी जप्त किए हैं।

## कॉग्रेस ने फूंका राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा का पुतला

**- लाड़ली बहना योजना की लाभार्थी महिलाओं पर टिप्पणी का मामला**



भोपाल(ए.)। 'कांग्रेस पार्टी ने मध्य प्रदेश के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन कर उनके इस्तीफ़े की मांग की। गौरतलब है की करण सिंह वर्मा ने हाल ही में एक कार्यक्रम में लाड़ली बहना योजना की लाभार्थी महिलाओं को धमकी देते हुए कहा था, कि अगर वे सरकारी कार्यक्रमों में नहीं आएंगी, तो उनके नाम योजना से काट दिए जाएंगे। इस बयान के बाद कांग्रेस ने मंत्री के खिलाफ प्रर्दशन करते हुए उनके इस्तीफे की मांग की है। कांग्रेस नेता मो शावर और मुजाहिद सिददकी ने कहा कि मंत्री का बयान बेहद निंदनीय और महिलाओं के सम्मान के खिलाफ है, यह बयान सत्ता के दुरुपयोग और महिला-विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। इसके विरोध में कांग्रेस पार्टी ने मंत्री करण सिंह वर्मा का पुतला दहन कर प्रर्दशन कर और उनके इस्तीफे की मांग की। प्रदर्शन में कांग्रेस नेता मो शावर, मुज़ाहिद सिददीकी, आसिफ़ अली, ज़ैनुल ख़ान, अंकित साहू, सेफ़ कुरैशी, दिलीप शिवारे, मनोज मिश्रा, रफीक ख़ान, राशिद खॉन, नज़ीर खॉन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## भोपाल में नौ दिवसीय आदि महोत्सव का आज भव्य आगाज

भोपाल (निप्र)। भोपाल में जनजातीय संस्कृति शिल्प और विरासत के संगम नौ दिवसीय आदि महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। भोपाल के हाट बाजार में 15 फरवरी तक आयोजित इस महोत्सव की आज शनिवार की शाम भव्य शुरुआत होगी। आदिम जाति कल्याण विभाग के जिला संयोजक सुनील मरकाम ने बताया कि उक्त महोत्सव में राजस्थान ब्लू पाटरी, ओडिसा का डोकरा आर्ट, काथा वर्क पश्चिम बंगाल, तोडा शाल तमिलनाडु समेत देश के विविध राज्यों के जनजातीय कारीगरो के हाथकरघा एवं हस्तशिल्प उत्पादो की प्रदर्शनी व बिक्री की जाएगी। उन्होंने बताया कि आदि महोत्सव के दरम्यान जनजातीय व्यंजनो का जायका, पीवीटीजी द्वारा उत्पादित वन उत्पाद के साथ-साथ विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां प्रस्तुत की जाएगी।

## मध्य प्रदेश का बजट 18 फरवरी को होगा प्रस्तुत : उप मुख्यमंत्री देवड़ा

**- बजट पूर्व की गई है विषय विशेषज्ञों और अनुभवी लोगों से चर्चा, इस बार का बजट अच्छा और जन हितैषी आएगा**

भोपाल (निप्र)। मध्य प्रदेश के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि प्रदेश का बजट आगामी 18 फरवरी को प्रस्तुत किया जाएगा। बजट के पूर्व आम जनता के सुझाव लिये गये। साथ ही बजट के संबंध में विषय विशेषज्ञों और अनुभवी लोगों से चर्चा की गई। इस बार का बजट अच्छा और जन हितैषी आयेगा।उप मुख्यमंत्री देवड़ा शनिवार को इंदौर के नायता मुण्डला स्थित ऑल इंडिया दाल मिल एसोसियेशन द्वारा आयोजित तीन दिवसीय ग्रीन एक्स प्रदर्शनी के दूसरे दिन आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। इस मौके पर ऑल इंडिया दाल मिल एसोसियेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, पूर्व महापौर कृष्णमुरारी मोघे, सुमित मिश्र सहित अनिल गुप्ता, सौरव राठी, उत्तम कटारिया विशेष रूप से उपस्थित थे।उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने दाल मिल एसोसियेशन द्वारा आयोजित तीन दिवसीय ग्रीन एक्स प्रदर्शनी की सराहना करते हुये कहा कि यह एक अच्छा और बेहतर आयोजन है। इस आयोजन से दाल मिल मालिकों और व्यापारियों को एक नई दिशा




मिलेगी। प्रदर्शनी में ताईवान,कनाड़ा, इग्लैण्ड आदि देशों की आधुनिकतम मशीनों को प्रदर्शित किया गया, जो सराहनीय है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में दलहन पर लगने वाले अधिकतम जीएसटी और मंडी शुल्क संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिये केन्द्रीय जीएसटी कौंसिल के समक्ष रखा जायेगा। साथ ही इस विषय पर प्रदेश के सभी दलहन उद्योगपतियों और व्यापारियों के साथ चर्चा की जायेगी।उप मुख्यमंत्री ने ऑल इंडिया दाल मिल एसोसियेशन द्वारा आयोजित ग्रीन एक्स प्रदर्शनी का अवलोकन कियाउप मुख्यमंत्री देवड़ा ने दाल मिल एसोसियेशन के पदाधिकरियों से कहा कि वे अपनी माँगों को लिखित में दें। इस मौके पर देवड़ा ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और मशीनों के बारे में उद्योगपतियों से जानकारी प्राप्त की। साथ ही एसोसियेशन के पदाधिकारियों और सदस्यों से संवाद किया।कार्यक्रम को पूर्व महापौर मोघे ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम में दाल मिल एसोसियेशन के अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल ने बताया कि यह आयोजन अंतर्राष्ट्रीय स्तर का है,जहाँ इंग्लैण्ड, चीन, कनाड़ा, ताईवान, टर्की, स्पेन आदि देशों की अत्याधुनिक और टेक्नालॉजी से लेस मशीनें प्रदर्शित की गयी है,जिनकी कीमत दो लाख रुपये से लेकर चार करोड़ रुपये तक है। इस आयोजन में मध्यप्रदेश सहित सभी राज्यों के दाल मिल मालिकों और व्यापारीगण शामिल हुये।उप मुख्यमंत्री देवड़ा स्वामीनारायण अक्षरधाम मंदिर में दर्शन कियेउप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा शनिवार को इंदौर प्रवास के दौरान नायता मुंडला स्थित स्वामीनारायण अक्षरधाम मंदिर में गये और वहाँ उन्होंने भगवान स्वामीनारायण के दर्शन और पूजन किया। साथ ही उन्होंने आरती में भाग भी लिया।

# उज्जैन में विक्रमोत्सव का 139 दिवसीय भव्य आयोजन 12 फरवरी से : अपर मुख्य सचिव श्री शुक्ला

### महाशिवरात्रि पर्व पर सुप्रसिद्ध संगीतकार प्रीतम करेंगे महादेव की आराधना

भोपाल (निप्र)। अपर मुख्य सचिव संस्कृति और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व शिव शेखर शुक्ला ने बताया कि सृष्टि सृजनकर्ता महादेव के भव्य-दिव्य महाशिवरात्रि उत्सव से 15 फरवरी को विक्रमोत्सव-2026 का भव्य औपचारिक शुभारंभ किया जाएगा।महोत्सव सृष्टि निर्माण दिवस वर्ष प्रतिपदा से होते हुए पंच महाभूतों में अतिविशिष्ट जल तत्व के संरक्षण, संवर्धन के लिए विशिष्ट रूप से नियोजित जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन पर अपनी पूर्णता जो प्राप्त करेगा। इसके पूर्व 12 फरवरी से महाकाल वन मेला में हर्बल उत्पादों एवं पारंपरिक हर्बल ज्ञान के विषय में प्रदर्शनी, उत्पादकों का प्रदर्शन किया जायेगा। इस तरह 12 फरवरी से 30 जून, 2026 तक यह 139 दिवसीय आयोजन देश तथा दुनिया में आयोजित होने वाला सांस्कृतिक, सामाजिक और आर्थिक गतिविधियों का एक अनूठा उत्सव होगा। अपर मुख्य सचिव श्री शुक्ला ने बताया कि प्रथम चरण महाशिवरात्रि के अवसर पर 15 फरवरी को सुप्रसिद्ध संगीतकार प्रीतम द्वारा शिवोऽहम महादेव की आराधना से प्रारंभ होगा। द्वितीय चरण 19 मार्च से 30 जून 2026 तक जलगंगा संवर्धन अभियान के तहत सम्पन्न होगा। इसमें 41 से अधिक बहुआयामी गतिविधियों में 4 हजार से अधिक कलाकारों द्वारा प्रस्तुतियाँ दी जायेंगी। अपर मुख्य सचिव श्री शुक्ला ने यह जानकारी एमपीटी लेक व्यू रेजिडेंसी में पत्रकार वार्ता के दौरान दी। इस अवसर पर संस्कृति संचालनालय के एन.पी. नामदेव, मुख्यमंत्रीजी के संस्कृति सलाहकार एवं महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ के निदेशक श्रीराम तिवारी, मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के महानिदेशक डॉ. अनिल कोठारी एवं दत्तोपंत ठेंगडी शोध संस्थान के निदेशक डॉ. मुकेश मिश्रा




उपस्थित थे।

**देश का सबसे बड़ा सम्मान होगा सम्राट विक्रमादित्य अलंकरण**

अपर मुख्य सचिव श्री शुक्ला ने बताया कि गणनायक सम्राट विक्रमादित्य की स्मृति को सुरक्षित रखने तथा उनके शौर्य, औदार्य, न्यायप्रियता तथा धर्म एवं प्रजावत्सल गुणों को समाज में पुन:स्थापित करने की दृष्टि से राशि रूपये 1 करोड़ 1 लाख का अंतर्राष्ट्रीय सम्मान स्थापित किया गया है। इसके साथ ही सम्राट विक्रमादित्य के नाम से 21 लाख रूपये का एक राष्ट्रीय सम्मान एवं 5-5 लाख रुपये राशि के 3 राज्य स्तरीय सम्मान स्थापित किये हैं। अपर मुख्य सचिव श्री शुक्ला ने बताया कि 139 दिवसीय इस महोत्सव में 41 से अधिक बहुआयामी गतिविधियाँ संचालित की जाएगी। शिवरात्रि मेलों का शुभारंभ, महाकाल वन मेला, कृषि मेला, कलश यात्रा, विक्रम व्यापार मेला, संगीत, नृत्य, वादन, शिवोद्य, शिवपुराण, अनादि पर्व, विक्रम नाट्य समोराह, पुतुल समारोह, संगीत का उद्भव और विकास पर केंद्रित अनहद वैचारिक समागम, चित्र प्रदर्शनियाँ, संगोष्ठी, विक्रमादित्य का न्याय समागम, भारतीय इतिहास समागम, राष्ट्रीय विज्ञान समागम, वेद अंताक्षरी, कोटि सूर्योपासना, शिल्प कला कार्यशाला, प्रकाशन लोकार्पण, पौराणिक फिल्मों का अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव, बोलियों एवं हिन्दी रचनाओं का अखिल भारतीय कवि सम्मेलन, के साथ ही अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर मातृशक्ति कवयित्री सम्मेलन, ड्रोन शो व ख्यात कलाकारों प्रीतम तथा विशाल मिश्रा की प्रस्तुतियाँ शामिल है। इसके साथ ही भारतीय कालगणना पर केन्द्रित विक्रम पंचांग सहित विविध पुस्तकों का लोकार्पण किया जाएगा। और सबसे महत्वपूर्ण देश का सबसे बड़ा सम्मान सम्राट विक्रमादित्य अंतर्राष्ट्रीय अलंकरण विशेष आकर्षण का केंद्र होगा।

विक्रमोत्सव अंतर्गत 12 से 16 फरवरी तक उज्जैन के दशहरा मैदान में महाकाल वन मेला आयोजित किया जा रहा है। इसमें हर्बल उत्पादों एवं पारंपरिक हर्बल ज्ञान के विषय में प्रदर्शनी, उत्पादकों का प्रदर्शन किया जायेगा। साथ ही इसमें आयुर्वेदिक डॉक्टरों द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य जाँच की जायेगी तथा इस मौके पर सांस्कृतिक गतिविधियाँ भी आयोजित की जा रही है। महाशिवरात्रि के अवसर पर भगवान शिव की कलापरक और सांस्कृतिक आराधना के अंतर्गत प्रदेश के 60 से अधिक प्रमुख शिव मंदिरों में मेलो का आयोजन किया जा रहा है। इसमें मंदिरों की साज सज्जा, साफ-सफाई एवं सांस्कृतिक गतिविधियाँ प्रमुख है। विक्रमोत्सव अंतर्गत महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ परिसर एवं कालिदास संस्कृत अकादमी परिसर में पौराणिक, आध्यात्मिक, ऐतिहासिक और जनजातीय विषयों पर 7 विभिन्न प्रदर्शनियों का आयोजन किया जा रहा है।

## बेरोजगारी में मध्य प्रदेश देश में नंबर वन



**- पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने मोहन सरकार पर साधा निशाना**

भोपाल (ए.)। मध्य प्रदेश बेरोजगारी के मामले में देश में नंबर-1 वन है और प्रदेश सरकार हर मामले में झूठ बोलती है। ये कहना है पूर्व मुख्यमंत्री व वरिष्ठ कांग्रेस नेता कमलनाथ का। दरअसल, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हाल ही में कहा है कि प्रदेश में बेरोजगारी की दर सबसे कम हो गई है, यह प्रदेश के लिए गौरव की बात है। मुख्यमंत्री के इस बयान पर कमलनाथ ने तंज कसते हुए कहा है कि डॉक्टर मोहन यादव झूठ बोल रहे हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा बेरोजगारी की दर कम होने के बयान पर जब पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ से सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश के युवा रोजगार के लिए तरस रहे हैं। लोग परेशान हैं और महिलाओं पर अत्याचार हो रहे हैं और मुख्यमंत्री अपने मुंह से तारीफ कर रहे हैं। इससे बड़ा झूठ और क्या हो सकता है। कमलनाथ ने छिंदवाड़ा में मीडिया से कहा कि ये लोग (बीजेपी) जनता को मूर्ख समझते हैं। मध्य प्रदेश पूरे देश में बेरोजगारी के मामले में नंबर वन है।

**मक्के के एमएसपी के दाम को तरस रहा किसान**

पूर्व सीएम कमलनाथ के साथ उनके बेटे और छिंदवाड़ा के पूर्व सांसद नकुलनाथ भी यहां पहुंचे थे। इस दौरान नकुलनाथ ने कहा कि जिले में मक्के का उत्पादन अधिक मात्रा में होता है। सरकार ने 2400 न्यूनतम समर्थन मूल्य तय किया है लेकिन केंद्र सरकार मोहन सरकार की बात मानती नहीं है। इसलिए किसानों को 1500 क्विंटल तक के दाम मिल रहे हैं। किसान अपनी उपज बेचने के लिए परेशान हो रहा है, किसान ठगा जा रहा है और मुख्यमंत्री झूठ बोल रहे हैं।

# सीमेंट कंक्रीट मिक्सर गाड़ी की टक्कर से मारुति के परखच्चे उड़े; दुर्घटना में दो गंभीर घायल

झाबुआ, (ए.)। मध्य प्रदेश के झाबुआ जिले के थान्दला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सेमलपाड़ा में शनिवार को दो वाहनों में हुई भयावह टक्कर में मारुति गाड़ी की छत के परखच्चे उड़ गए। इस दुर्घटना में चार लोग घायल हुए हैं। दुर्घटना के बाद थांदला पेटलावद मार्ग पर अफरातफरी मच गई, ओर बड़ी संख्या में आसपास के रहवासी दुर्घटना स्थल पर पहुंच गए। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची, तथा आवश्यक कार्यवाही करते हुए घायलों को सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस द्वारा कुछ ही समय में आवागमन सुचारू कर दिया गया है। हादसे का सुखद पहलू यह है कि भयावह दुर्घटना के बावजूद कोई हताहत नहीं हुआ है।जिले के थान्दला थाना क्षेत्र अंतर्गत थांदला पेटलावद मार्ग पर ग्राम सेमलपाड़ा के निकट शनिवार दोपहर एक सीमेंट कंक्रीट मिक्सर गाड़ी एच आर 67 ई 5378 और एक मारुति ओमनी एम पी 43 सी 7143 में हुई भयावह टक्कर में जहां मारुति ओमनी वाहन की छत के परखच्चे उड़ गए, वहीं सीमेंट कंक्रीट मिक्सर वाहन उलट गया। दुर्घटना की खबर मिलते ही आसपास के रहवासी ग्रामीण दुर्घटना स्थल पर पहुंच गए। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची, तथा आवश्यक कार्यवाही करते हुए घायलों को सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। मिली जानकारी अनुसार दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल मारुति गाड़ी के ड्राइवर अनोखीलाल पुत्र बंशीलाल परिहार निवासी टाटा नगर रतलाम एवं हैल्पर राजपाल निवासी रतलाम को सिविल अस्पताल थांदला ले जाया गया, जहां उनका उपचार किया जा रहा है, जबकि वाहनों में सवार दो अन्य लोगों को मामूली चोटे आई है, जिनका प्राथमिक उपचार किया गया।पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी थांदला अशोक कनेश ने कहा कि दुर्घटना के बाद तत्काल की गई कार्यवाही से बड़ा हादसा टल गया है। क्योंकि एक तरफ जहां सीमेंट कंक्रीट मिक्सर वाहन में डीजल का रिसाव शुरू हो गया था, जिसे तुरन्त रोक दिया गया, वहीं मारुति गाड़ी में गेस सिलेंडर लगा हुआ था, जिसे वाहन से पृथक कर दिया गया।





## महाकाल मंदिर में गार्डों और महिला श्रद्धालु के बीच विवाद, थाने में दर्ज कराई शिकायत

उज्जैन,( ए. )। मध्य प्रदेश के उज्जैन स्थित विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर के मंदिर में मुम्बई से दर्शन करने आई एक महिला ने गार्डों पर मारपीट का आरोप लगाया है। इस संबंध में महिला की ओर से थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। महाकालेश्वर मंदिर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें मुंबई की एक महिला श्रद्धालु मंदिर में ठीक से दर्शन न होने की बात कहते हुए सुरक्षा गार्ड्स पर मारपीट का आरोप लगाते हुए दिखाई दे रही है। साथ ही मंदिर के दर्शन व्यवस्था पर भी सवालिया निशान खड़े कर रही है। मामले में मंदिर समिति ने शनिवार को सहायक प्रशासक आशीष फलवाडिया के माध्यम से स्थिति स्पष्ट की है। मंदिर समिति का कहना है कि विगत दिवस शयन आरती के दौरान महिला श्रद्धालु द्वारा निर्गम मार्ग को अवरुद्ध किया गया। इससे दर्शनार्थियों को आवागमन में परेशानी हो रही थी। गार्डों ने महिला से रास्ता छोड़ने को कहा, इसी बात पर विवाद शुरू हो गया। मामले में मंदिर प्रशासन ने महाकाल थाने में शिकायती आवेदन दिया है।इसके साथ ही श्री महाकालेश्वर प्रबंध समिति ने भी एक वीडियो वायरल किया है, जिसमें महिला श्रद्धालु खुद सुरक्षा गार्ड के साथ मारपीट करते और उसका गला पकड़ते दिखाई दे रही है।

# अवैध डीजल, पेट्रोल विक्रय पर सख्त कार्यवाही

दतिया ( ए. ) कलेक्टर स्वप्निल वानखड़े के निर्देशन पर सुश्री सोनाली राजपूत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनुभाग भांडेर एवं सनद शुक्ला जिला आपूर्ति अधिकारी के मार्गदर्शन में श्री अवासिया तहसीलदार भांडेर, पंकज करोरिया, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी भांडेर एवं राजेश जाटव, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी दतिया द्वारा भांडेर क्षेत्र में निरीक्षण कर 03 अलग-अलग स्थानों से बिक्री के लिए रखा गया अवैध पेट्रोल, डीजल ज़ब्त किया। ज्ञातव्य है यह कार्यवाही खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा अवैध रूप से पेट्रोल एवं डीज़ल के भंडारण/विक्रय के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत जारी है। निरीक्षण के दौरान राहुल दोहरे, निवासी लहर रोड, भांडेर, जिला दतिया को पेट्रोल के अवैध भंडारण/विक्रय में संलिप्त पाया गया। मौके से उसके कब्जे से 02 लीटर पेट्रोल ज़ब्त किया गया। आविद खान, पिता असगर खान, निवासी लहर रोड, भांडेर, के कब्जे से 07 लीटर पेट्रोल एवं 07 लीटर डीज़ल अवैध रूप से भंडारित पाया गया, जिसे मौके से ज़ब्त किया गया। इसी प्रकार सोनू साहू निवासी लहर रोड, भांडेर, जिला दतिया को पेट्रोल के अवैध भंडारण/विक्रय में संलिप्त पाया गया। मौके से उसके कब्जे से 06 लीटर पेट्रोल ज़ब्त किया गया। संबंधितों द्वारा पेट्रोल/डीज़ल के भंडारण एवं विक्रय हेतु कोई वैध अनुज्ञप्ति प्रस्तुत नहीं की गई। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि पेट्रोल एवं डीज़ल का अवैध भंडारण एवं विक्रय गंभीर अपराध है तथा इससे जनसुरक्षा को खतरा उत्पन्न हो सकता है। ऐसे मामलों में विभाग द्वारा कठोर कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

## दस्तक अभियान द्वितीय चरण,समन्वय बैठक आयोजित

दतिया ( ए. ) जिले में दस्तक अभियान के द्वितीय चरण के सफल आयोजन को लेकर एक महत्वपूर्ण कोऑर्डिनेशन बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले भर से स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों ने सहभागिता की। बैठक की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी.के. वर्मा ने की। बैठक में जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. डी.के. सोनी, जिला क्षय अधिकारी डॉ. विशाल वर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग अरविंद उपाध्याय सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में जानकारी दी गई कि दस्तक अभियान का द्वितीय चरण 17 फरवरी से 19 मार्च 2026 तक प्रस्तावित है। इस अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग के मैदानी कार्यकर्ता जिले के सभी 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन 'ए' अनुपूरण प्रदान करेंगे। साथ ही अभियान के प्रथम चरण में 6 माह से 5 वर्ष तक के चिन्हित एनीमिक बच्चों का फॉलोअप कर आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी.के. वर्मा ने अभियान की सफलता के लिए विभागीय समन्वय पर जोर देते हुए निर्देश दिए कि सभी मैदानी कार्यकर्ता समयबद्ध एवं प्रभावी रूप से कार्य करें। बैठक के दौरान ड्यूटी लिस्ट एवं माइक्रोप्लान तैयार करने, प्रशिक्षण एवं उन्मुखीकरण, लॉजिस्टिक व्यवस्थाओं, क्रियान्वयन की रणनीति, रिपोर्टिंग एवं मॉनिटरिंग व्यवस्था के साथ-साथ दस्तावेजीकरण से संबंधित बिंदुओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। इसके अलावा कुपोषित बच्चों के चिन्हांकन एवं एनआरसी में भर्ती हेतु महिला बाल विकास अधिकारी अरविंद उपाध्याय के द्वारा बैठक में विस्तृत चर्चा की गई। जिसमें स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास के सभी मेडिकल ऑफिसर एवं मैदानी कर्मचारियों को कुपोषित बच्चों को शत-प्रतिशत भर्ती कराने हेतु संयुक्त निर्देश दिए गए।

## प्रदेश में जल संरक्षण और सिंचाई विस्तार सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : मंत्री श्री चौहान

भोपाल (ए.)। अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री नागर सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश सरकार जल संरक्षण और सिंचाई सुविधाओं के विस्तार को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। प्रदेश में सिंचाई क्षेत्र का रकबा बढ़ाने का लक्ष्य लेकर योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है, जिससे किसानों की आय में वृद्धि हो सके। मंत्री श्री चौहान आलीराजपुर जिले के ग्राम मोरासा में हथनी बैराज परियोजना-02 के भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मंत्री श्री चौहान ने ग्राम मोरासा में हथनी बैराज परियोजना-02 के का भूमिपूजन किया। परियोजना की लागत 471.03 लाख रुपये है। इस परियोजना से ग्राम मोरासा के 324 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे आसपास के क्षेत्रों को भी लाभ मिलेगा।इस परियोजना से जल संग्रहण क्षमता में वृद्धि होगी और किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध होगा। मंत्री श्री चौहान ने कहा कि इस बैराज के निर्माण से आसपास के क्षेत्रों के कुएं, तालाब और बोरिंग का जलस्तर बेहतर होगा। इससे सिंचाई का रकबा बढ़ेगा और किसान वर्षा पर निर्भर नहीं रहेंगे। उन्होंने फाटा परियोजना का उल्लेख करते हुए कहा कि सिंचाई सुविधाएं उपलब्ध होने के बाद अब किसान ग्रीष्म ऋतु में भी फसल ले पा रहे हैं, जबकि पूर्व में खेती केवल बरसात तक सीमित रहती थी।



## युवती का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाले आरोपित गिरफ्तार

राजगढ़, (ए.)। मध्य प्रदेश के छापीहेड़ा थाना पुलिस ने 18 वर्षीय युवती का घर से अपहरण और उसके साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपित सहित सहयोगी को हिरासत में लिया है। पुलिस ने शनिवार को आरोपितों को अदालत में पेश किया,जहां से उन्हें जेल दाखिल किया गया।

पुलिस के अनुसार, थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली 18 वर्षीय युवती ने बताया कि शुक्रवार की रात उसके परिजन पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने बाहर गांव गए हुए थे। इसी दौरान गांव के सुरेश दांगी और उसके भानेज कालूसिंह दांगी ने दरवाजा खटखटाया, परिजनों के लौटने की शंका पर उसने दरवाजा खोल दिया तभी सुरेश दांगी और उसके भानेज अचानक मुंह दबा दिया।

# दूध पावडर से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर पलटा, लगी आग

राजगढ़, ( ए. )। राष्ट्रीय राजमार्ग-52 पर करनवास थाना क्षेत्र में ग्राम भाटखेड़ी जोड़ के समीप शनिवार सुबह दूध पावडर से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया और उसमें आग लग गई। हादसे के दौरान ट्रक चालक और क्लीनर ने कूदकर अपनी जान बचाई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दमकल वाहनों को बुलाया, कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू किया गया। पुलिस ने मामले में जांच शुरु की।जानकारी के अनुसार हाइवे स्थित ग्राम भाटखेड़ी जोड़ के समीप महाराष्ट्र से कानपुर जा रहे ट्रक क्रमांक आरजे 17 जीए 7204 का अगला टायर फट गया, जिससे दूध पावडर से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रक के पलटते ही आग भड़क गई। आगजनी में दूध पावडर जलकर खाक हो गया साथ ही ट्रक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के दौरान ट्रक चालक और क्लीनर ने कूदकर अपनी जान बचाई। आग की खबर लगते ही करनवास थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दमकल वाहनों को बुलाया गया। दमकल कर्मियों ने मशक्कत के बाद आग पर काबू किया। पुलिस ने मामले में जांच शुरु की।



## व्यापार समाचार

## पियूष गोयल बोले- अमेरिका के साथ डील से भारतीय निर्यातकों के लिए खुलेगा 30 ट्रिलियन डॉलर का बाजार

नई दिल्ली,(ए.) केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने एक ऐतिहासिक प्रेस कॉन्फ्रेंस में भारत और अमेरिका के बीच हुए अंतरिम व्यापार समझौते की घोषणा की. उन्होंने इसे विकसित भारत 2047 के संकल्प की दिशा में एक मील का पत्थर बताया.गोयल ने बताया कि अमेरिका ने भारतीय निर्यात पर लगने वाले 50 प्रतिशत के रेसिप्रोकल टैरिफ को घटाकर अब मात्र 18 प्रतिशत कर दिया है. यह दर चीन (35 प्रतिशत), वियतनाम (20 प्रतिशत) और बांग्लादेश (20 प्रतिशत) जैसे प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में काफी कम है, जिससे भारतीय निर्यातकों को वैश्विक बाजार में बड़ी बढ़त मिलेगी.उन्होंने कहा, इस समझौते का मुख्य उद्देश्य दोनों देशों के बीच वार्षिक द्विपक्षीय व्यापार को 500 बिलियन तक पहुँचाना है. इसकी नींव फरवरी 2025 में प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की चर्चाओं के दौरान रखी गई थी.मंत्री ने कहा कि इस डील से देश भर में उत्साह का माहौल है. यह समझौता न केवल व्यापार बढ़ाएगा, बल्कि भारतीय युवाओं और एमएसएमई के लिए रोजगार के नए अवसर भी पैदा करेगा. गोयल ने जोर देकर कहा कि यह समझौता प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप की गहरी मित्रता और दोनों देशों के बीच बढ़ते अटूट विश्वास का प्रमाण है.



## जेरोधा ने काइट टर्मिनल मोड का बीटा वर्जन किया पेश, जानिए क्या मिलेगी सुविधा

नईदिल्ली,(ए.) । जेरोधा ने काइट पर बीटा परीक्षण के तहत नया टर्मिनल मोड पेश किया है, जिससे यूजर अपने ट्रेडिंग स्क्रीन लेआउट को कस्टमाइज कर एक ही इंटरफेस के भीतर कई टूल का उपयोग कर सकते हैं। इसकी मदद से ट्रेडर मार्केटवॉच, चार्ट, ऑर्डर बुक और पोजीशन जैसे पैनल को स्क्रीन पर कहीं सेट कर सकते हैं। इसमें एकसाथ कई पेज खोलने, उन्हें आस-पास या एक के ऊपर एक रखने और पसंद के अनुसार विजेट का आकार बदलने की सुविधा होगी।

कंपनी का कहना है कि इसका उद्देश्य स्क्रीन पर खासकर बड़े मॉनिटर वाले यूजर्स के लिए अनावश्यक जगह को कम करना है। इस अपडेट के साथ कई ऐसे टूल- मार्जिन कैलकुलेटर, ब्रोकरेज कैलकुलेटर और आर्थिक कैलेंडर, जो पहले केवल जेरोधा वेबसाइट पर उपलब्ध थे, अब सीधे काइट में जोड़ दिए गए हैं। जेरोधा के संस्थापक नितिन कामथ ने एक्स पर इसके लॉन्च की घोषणा करते हुए कहा कि कंपनी परीक्षण चरण के दौरान यूजर्स से प्रतिक्रिया मांग रही है। ऑनलाइन ब्रोकरेज प्लेटफॉर्म ने ऑर्डर बुक, पोजीशन, होल्डिंग्स और ऑप्शन चेन सहित प्रमुख सेक्शंस को नया रूप दिया है, ताकि वे टर्मिनल मोड में एडजेस्टेबल विजेट के रूप में कार्य कर सकें। यूजर अव्यवस्था से बचने के लिए प्रदर्शित होने वाले विजेट्स का चयन कर सकते हैं। यह प्लेटफॉर्म यूजर्स को 10 तक कस्टमाइज्ड वर्कस्पेस सेव करने, उनके बीच तुरंत स्विच करने और लेआउट को दूसरों के साथ शेयर करने की सुविधा भी देता है।

# साप्ताहिक विश्लेषणः भारत-यूएस व्यापार समझौते और अनुकूल मौद्रिक नीति से बाजार में मजबूती

नई दिल्ली,(ए.)। इस हफ्ते भारतीय शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव के बाद तेजी का रुख देखने को मिला. भारत-अमेरिका के व्यापार समझौते की घोषणा के बाद घरेलू सूचकांक मजबूती के साथ बंद हुए. बजट 2026-27 में डेरिवेटिव पर सिक्योरिटीज ट्रांजैक्शन टैक्स बढ़ने की खबर से शुरू में दबाव रहा, लेकिन अमेरिकी व्यापार राहत और अन्य सकारात्मक संकेतों ने इसे संतुलित किया.सेंसेक्स इस सप्ताह 83,580.40 अंक पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 25,693.70 अंक पर मजबूती के साथ समाप्त हुआ. इसके साथ ही व्यापक सूचकांक भी बढ़त में रहे, जिससे निवेशकों में जोखिम लेने की भावना बढ़ी.भारतीय रिजर्व बैंक ने मौद्रिक नीति में कोई बदलाव नहीं किया और रेपो रेट 5.25 प्रतिशत पर बनाए रखा. बैंक ने वित्तीय वर्ष 26 के लिए मुद्रास्फीति 2.1 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया. आरबीआई ने आर्थिक विकास को लेकर सकारात्मक दृष्टिकोण रखा है, जिससे बाजार में निवेशकों की आत्मविश्वास में बढ़ोतरी हुई.बाजार में सुधार में वैश्विक संकेतों ने भी भूमिका निभाई. अमेरिकी सरकार ने भारत से आयातित सामान पर कर्तव्यों को 18 प्रतिशत तक घटाने की घोषणा की, जो भारतीय निर्यातकों के लिए राहत की खबर है. साथ ही भारतद्भचीन के बीच व्यापार 2025 में रिकॉर्ड 155 अरब डॉलर तक पहुंचा, जो क्षेत्रीय व्यापार गतिविधियों में तेजी का संकेत देता है. जनवरी में जीएसटी संग्रह 1.93 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 6.2 प्रतिशत अधिक है. यह घरेलू खपत और आयात गतिविधियों में स्थिरता और सुधार का संकेत देता है.



इस सप्ताह रियल्टी, एनर्जी और ऑटो सेक्टर सबसे अधिक लाभ में रहे. ये क्षेत्र घरेलू मांग और आर्थिक स्थिरता की उम्मीद से निवेशकों को आकर्षित करते रहे. इसके विपरीत, आईटी सेक्टर इस सप्ताह पिछड़ गया और व्यापक बाजार की तुलना में कमजोर प्रदर्शन किया.

विश्लेषकों का कहना है कि निफ्टी 25,400 अंक से ऊपर बने रहने पर सकारात्मक रुख बनाए रखेगा. यदि यह स्तर टूटता है तो 25,100 तक गिरावट संभव है. वहीं, 26,000 अंक से ऊपर की तेजी अगले रैली चरण की शुरुआत कर सकती है और 26,400 तक पहुंच सकती है.

निवेशक अब जनवरी की उपभोक्ता मूल्य सूचकांक डेटा का इंतजार करेंगे, जिसे 2024 के नए आधार वर्ष के अनुसार तैयार किया जाएगा. इसके परिणाम बाजार की दिशा और निवेशकों की रणनीति पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकते हैं.

## ट्रंप ने भारतीय सामान पर 25 प्रतिशत दंडात्मक टैरिफ हटाया, पीएम मोदी ने किया धन्यवाद

नई दिल्ली,,(ए.) । भारत को अमेरिका की ओर से बड़ी व्यापारिक राहत मिली है. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत से आयात होने वाले उत्पादों पर लगाया गया अतिरिक्त 25 प्रतिशत टैरिफ हटाने की घोषणा की है. यह शुल्क भारत द्वारा रूस से तेल खरीदने को लेकर लगाया गया था. यह फैसला हाल ही में घोषित भारत-अमेरिका ट्रेड डील का अहम हिस्सा माना जा रहा है. इससे भारतीय निर्यातकों को अमेरिकी बाजार में बेहतर अवसर मिलने की उम्मीद जताई जा रही है.

व्हाइट हाउस की ओर से जारी एक कार्यकारी आदेश में कहा गया है कि भारत ने रूस से प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से तेल आयात रोकने का वादा किया है. अमेरिका का लंबे समय से यह रुख रहा है कि रूसी तेल की खरीद से रूस-यूक्रेन युद्ध को आर्थिक सहायता मिलती है. भारत के इस आश्वासन के बाद दोनों देशों के बीच इस मुद्दे को लेकर बना तनाव कम होने की संभावना है.

कार्यकारी आदेश के अनुसार, भारत भविष्य में अमेरिका से ऊर्जा उत्पादों की खरीद बढ़ाएगा.

# जनवरी में 2.36 लाख बिकी मारुति विक्टोरिस, तोडा रिकार्ड





नई दिल्ली (ए.)। बीते जनवरी महीने में मारुति सुजुकी जनवरी में 2.36 लाख से ज्यादा गाड़ियां बेचकर अपने पुराने सेल्स रिकॉर्ड को तोड़ दिया। इसमें सबसे बड़ा योगदान नई एसयूवी विक्टोरिस का रहा। एरिना डीलरशिप पर बिकने वाली इस गाड़ी ने जनवरी में अब तक की सबसे बड़ी बिक्री दर्ज की और टॉप-10 कारों की लिस्ट में जगह बनाई।

विक्टोरिस की कुल 15,240 यूनिट बिकीं, जिसकी शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 10.50 लाख रुपए है। विक्टोरिस ने टॉप-10 एसयूवी की लिस्ट में भी सभी लोकप्रिय मॉडलों को पीछे छोड़ दिया। इसमें मारुति फ्रोंक्स, हुंडई वेन्यू, महिंद्रा बोलेरो और किआ सोनेट जैसी एसयूवीएस शामिल हैं। साथ ही मारुति ग्रैंड विटारा, महिंद्रा एक्सयूवी 3एक्सओ, थार, टोयोटा हाइराइडर, किआ सेल्टोस और एक्सयूवी 700 को भी यह पीछे छोड़ने में सफल रही। विक्टोरिस में तीन इंजन विकल्प मिलते हैं। इनमें 103एचपी वाला 1.5-लीटर माइल्ड हाइब्रिड पेट्रोल, 116एचपी वाला 1.5-लीटर स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड और 89एचपी वाला 1.5-लीटर पेट्रोल-सीएनजी शामिल हैं। गियरबॉक्स विकल्पों में 5-स्पीड मैनुअल, 6-स्पीड टॉर्क कन्वर्टर ऑटो और ई-सीवीटी शामिल हैं। इसके साथ ऑल-व्हील ड्राइव का विकल्प भी उपलब्ध है। सेफ्टी के लिए इसमें 6 एयरबैग, एबीएस-ईबीडी, ट्रैक्शन कंट्रोल, इसोफिक्स, 360-डिग्री कैमरा और अडास लेवल 2 फीचर्स हैं।

विक्टोरिस को 5-स्टार भारत एनकैप क्रैश सेफ्टी रेटिंग भी मिली है। इस एसयूवी की शानदार बिक्री और फीचर्स ने इसे 2026 की सबसे चर्चित मॉडल बना दिया है। डिजाइन और फीचर्स की बात करें तो विक्टोरिस में बड़े एलईडी हेडलाइट्स, 18-इंच एलॉय व्हील्स, सिल्वर रूफ रेल और ब्लैक पिलर दिए गए हैं। इंटीरियर में 10.25-इंच टचस्क्रीन, डिजिटल ड्राइवर डिस्प्ले, वायरलेस एप्पल कारप्ले और एंड्रॉयड ऑटो, वेंटिलेटेड सीटें और पैनोरमिक सनरूफ जैसी खूबियां शामिल हैं।

## सेबी ने दी 8 नए आईपीओ को हरी झंडी, बाजार से जुटेंगे 10,000 करोड़

नई दिल्ली,(ए.)। भारतीय प्राइमरी मार्केट के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है. बाजार नियामक सेबी ने इन्क्रेड होल्डिंग्स और एलिवेट कैम्पस सहित कुल आठ कंपनियों को आईपीओ के जरिए बाजार से पूंजी जुटाने की मंजूरी दे दी है. ये कंपनियां सामूहिक रूप से लगभग 10,000 करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य लेकर चल रही हैं.




सेबी से मंजूरी पाने वाली कंपनियों की सूची में दिग्गज नाम शामिल हैं. इनमें इन्क्रेड होल्डिंग्स और एलिवेट कैम्पस के अलावा लेजर पावर एंड इन्फ्रा, सीडमेक मेकट्रानिक्स, आरडी इंडस्ट्रीज, अर्मी इन्फोटेक, आरवी इंजीनियरिंग कंसल्टेंट और संकेश ज्वैलर्स शामिल हैं. निवेशकों के लिए अगले कुछ महीने निवेश के बेहतरीन अवसर लेकर आने वाले हैं.इस खेप में सबसे बड़ा आकर्षण इन्क्रेड होल्डिंग्स का आईपीओ माना जा रहा है. कंपनी इस इश्यू के जरिए बाजार से 3,000 से 4,000 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रही है. वहीं, एजुकेशन सेक्टर की उभरती कंपनी एलीवेट कैंपस भी 2,550 करोड़ रुपये का अपना आईपीओ लाने के लिए तैयार है. खास बात यह है कि एलिवेट का आईपीओ पूरी तरह से फ्रेश इश्यू होगा, यानी इसमें कोई ऑफर फॉर सेल नहीं है और जुटाया गया पूरा पैसा कंपनी के विकास में इस्तेमाल होगा. यह मंजूरी ऐसे समय में आई है जब साल की शुरुआत में ही इंडिया कोक एंड कोल लिमिटेड, शैडोफैक्स टेक्नोलाजीज और अमागी मीडिया लैब्स जैसी बड़ी कंपनियों ने पहले ही बाजार से 4,766 करोड़ रुपये सफलतापूर्वक जुटाए हैं.

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## भारत और ईयू वार्ता

डॉनल्ड ट्रंप के मूड के हिसाब से कभी बंद, तो कभी खुलते अमेरिकी बाजार के दरवाजों से परेशानी के दौर में भारत और ईयू ने उस वार्ता को अंजाम तक पहुंचाया है, जो 19 वर्षों से खिंच रही थी।डॉनल्ड ट्रंप के प्रहार झेल रही दुनिया में भारत और यूरोपियन यूनियन (ईयू) ने मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) करके मजबूत संदेश दिया है। ट्रंप के मूड के हिसाब से कभी बंद, तो कभी खुलते अमेरिकी बाजार के दरवाजों से परेशानी के दौर में दोनों पक्षों ने उस वार्ता को अंजाम तक पहुंचाया है, जो 19 वर्षों से खिंच रही थी। इसके बावजूद एफटीए के लागू होने में अभी कम-से-कम एक वर्ष लगेगा। इसके तहत मिलने वाली रियायतों के संपूर्णतः लागू होने में तो सात साल लगेंगे। ईयू में ऐसे समझौतों पर मुहर लगने की प्रक्रिया दुरूह है। मसलन, अब समझौते के प्रारूप का वहां प्रचलित 24 भाषाओं में अनुवाद होगा। संबंधित देशों की हरी झंडी मिलने के बाद यूरोपीय संसद उसे पारित करेगी। उस प्रक्रिया से होकर निकले प्रारूप पर तब जाकर दस्तखत हो पाएंगे। चूंकि विवादास्पद मुद्दों को फिलहाल एफटीए से अलग रखा गया है, इसलिए संभावना है कि उपरोक्त प्रक्रियाएं निर्बाध पूरी हो जाएंगी। कृषि, निवेश संरक्षण, कार्बन टैक्स आदि फिलहाल एफटीए में शामिल नहीं हैं। पिछले वित्त वर्ष में भारत और ईयू के बीच व्यापार 136.5 बिलियन डॉलर का था। एफटीए लागू होने के बाद इसमें 41- 65 प्रतिशत तक वृद्धि होने का अनुमान है। अमेरिका के लगाए टैरिफ से भारत के जीडीपी को 1.6 फीसदी नुकसान का अंदाजा लगाया गया था। संभावना है कि उसमें से लगभग आधे की भरपाई ईयू से बढ़ने वाले व्यापार से हो जाएगी। इससे ईयू के वस्त्र बाजार में भारतीय उत्पाद बांग्लादेश और पाकिस्तान के उत्पादों का बाजार छीन पाएंगे।मगर महंगे वाहनों, नासपाती, कीवी, स्टील, फूड प्रोसेसिंग आदि के भारतीय कारोबार पर नकारात्मक प्रभाव भी पड़ेगा। बहरहाल, बदलती हुई दुनिया में निर्यात केंद्रित अर्थव्यवस्थाएं ऐसे ही उपायों से अपनी मुश्किलों से निकलने की जद्दोजहद कर रही हैं। पिछले हफ्ते दावो में कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने आह्वान किया था कि मध्यम श्रेणी की ताकतें उत्पीड़न से बचने के लिए मिल-जुल कर रास्ता निकालें। उसी तरह की एक राह निकालने की कोशिश भारत-ईयू ने की है। इससे भविष्य को लेकर फिलहाल माहौल में सकारात्मकता आई है। इसमें एक मजबूत संदेश निहित है।



तीन दिवसीय दौरे पर रायपुर पहुंचे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, जहां एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और राज्य के गृह मंत्री विजय शर्मा ने उनका स्वागत किया।

# सीपीआई के आधार वर्ष में बदलावः क्या बदला है और यह क्यों ज़रूरी है

**सौरभ गर्ग**

महंगाई देश के सबसे अहम आर्थिक संकेतकों में से एक है, जिसे आम लोग रोज़मर्रा की ज़िंदगी में सीधे महसूस करते हैं, जैसे घर का राशन, किराया और पेट्रोल-डीज़ल के खर्च में बढ़ोतरी से।

उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) इसी महंगाई को मापता है। यह उन चीज़ों और सेवाओं के दाम देखता है, जिनका इस्तेमाल आम परिवार रोज़ करता है। सरल शब्दों में, सीपीआई आम आदमी की ज़िंदगी का आईना है। यह बताता है कि थाली में खाने का खर्च कितना बढ़ा, घर का किराया कितना हुआ, और काम पर जाने के लिए ईंधन कितना महंगा हुआ।

सीपीआई भले ही एक आंकड़ा लगता हो, लेकिन यह सरकार को यह समझने में मदद करता है कि लोगों पर महंगाई का असली असर क्या है। इसी आधार पर वेतन, पेंशन और सामाजिक सुरक्षा से जुड़े फैसले किए जाते हैं, ताकि ज़रूरी चीज़ें आम लोगों की पहुंच में बनी रहें।

भारतीय रिज़र्व बैंक भी ब्याज दर और महंगाई को नियंत्रित करने जैसे फैसलों के लिए सीपीआई आधारित महंगाई को ही सबसे मुख्य पैमाना मानता है। इसलिए जब सीपीआई ज़मीन की हकीकत सही तरीके से दिखाता है, तब सरकार और आरबीआई की नीतियाँ भी लोगों की असली परेशानियों के अनुसार बेहतर बन पाती हैं।

महंगाई सिर्फ दाम बढ़ने का नाम नहीं है, बल्कि यह भी है कि दामों में बदलाव से घर के बजट पर कितना असर पड़ता है। इसलिए जितना ज़रूरी दामों को मापना है, उतना ही ज़रूरी यह भी है कि महंगाई का सूचकांक लोगों की आज की खर्च करने की आदतों को सही तरीके से दिखाए। इसी संदर्भ में भारत में सीपीआई के आधार वर्ष को 2012 से बदलकर 2024 किया जा रहा है।




पिछली बार आधार बदले जाने के बाद देश की अर्थव्यवस्था में बहुत बदलाव आया है। शहरों की आबादी बढ़ी है, सेवाओं का क्षेत्र बढ़ा है, डिजिटल प्लेटफॉर्म के कारण खरीदारी का तरीका बदला है और घरों का खर्च अब कई नई चीजों पर होने लगा है।

इसीलिए नया सीपीआई 2024 तैयार करने में 2023-24 के घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण के आंकड़ों का इस्तेमाल किया गया है।

समय के साथ लोगों की ज़रूरतें और खर्च बदलते हैं, इसलिए सीपीआई में अलग-अलग वस्तुओं और सेवाओं को दी जाने वाली अहमियत भी बदली गई है। जिन चीजों पर अब परिवार ज़्यादा खर्च करते हैं, उन्हें सीपीआई में ज़्यादा महत्व दिया गया है,

और जिन पर खर्च कम हो गया है, उन्हें कम महत्व दिया गया है।

इससे सीपीआई वही महंगाई दिखाता है, जो सच में आम परिवार के बजट को प्रभावित करती है। साथ ही, उपभोग की टोकरी (कंजम्पशन बास्केट) को भी बदला गया है, ताकि सेवाओं पर बढ़ते खर्च जैसे नए रुझान दिखाई दे सकें, जो बढ़ती आय और बदलती जीवनशैली की वजह से बढ़ रहे हैं। सीपीआई को मापने का तरीका अपडेट करना भी उतना ही ज़रूरी है, जितना यह तय करना कि उसमें क्या-क्या शामिल किया जाए।नया संशोधित सीपीआई अब अंतरराष्ट्रीय मानकों के ज्यादा करीब है, लेकिन इसमें भारत से जुड़ी खास बातें भी बनी हुई हैं। इससे भारत की महंगाई की तुलना दूसरे देशों से करना आसान हो जाता है।आम परिवार के लिए इसका मतलब यह है कि सरकार और नीति बनाने वाले लोग यह बेहतर समझ पाते हैं कि भारत में दामों में होने वाला बदलाव दुनिया के हालात से कैसे जुड़ा है, और साथ ही यह भी ध्यान रहता है कि रोज़मर्रा की ज़िंदगी पर क्या असर पड़ रहा है।सीपीआई के लिए आंकड़े जुटाने का तरीका भी अब लोगों की बदलती खरीदारी और खर्च की आदतों के अनुसार बेहतर बनाया गया है। जहां पहले की तरह बाजारों से दाम इकट्ठा किए जाते रहेंगे, खासकर खाने-पीने और ज़रूरी चीज़ों के, वहीं 2024 के नए ढांचे में अब कुछ सेवाओं के ऑनलाइन दाम भी शामिल किए जा रहे हैं। जैसे मोबाइल और इंटरनेट सेवाएं, हवाई टिकट और कुछ अन्य सेवाओं के दाम अब ऑनलाइन स्रोतों से भी लिए जाएंगे।

नई सीपीआई श्रृंखला में अब कंप्यूटर की मदद से दाम इकट्ठा किए जा रहे हैं। इससे हाथ से होने वाली गलतियाँ कम हुई हैं और तुरंत जाँच भी हो जाती है। इससे दामों से जुड़े आंकड़ों की गुणवत्ता और समय पर उपलब्धता दोनों बेहतर हुई हैं। सीपीआई के आंकड़े सही और समय पर मिलना बहुत ज़रूरी है, क्योंकि इसी के आधार पर ऐसे फैसले होते हैं, जो सीधे आम आदमी की ज़िंदगी को प्रभावित करते हैं, जैसे कर्ज कितना महंगा होगा, बचत पर कितना ब्याज मिलेगा, और बढ़ती महंगाई से घर का बजट कैसे प्रभावित होगा।

नए आधार वर्ष की सीपीआई में अब कई मामलों में सरकारी स्रोतों से मिलने वाले आधिकारिक आंकड़ों का ज्यादा इस्तेमाल किया जा रहा है। जैसे रेल किराया, डाक शुल्क, ईंधन के दाम और सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत बिकने वाली चीजें। इससे इन दामों को पहले से ज्यादा सही तरीके से दर्ज किया जा रहा है और बाजार सर्वे में होने वाली गलती या पक्षपात की संभावना भी कम हो जाती है।अब सर्वे के आंकड़े, सरकारी रिकॉर्ड और डिजिटल माध्यमों से मिलने वाले दाम, तीनों को मिलाकर सीपीआई तैयार की जा रही है। यह पुरानी व्यवस्था की तुलना में बड़ा सुधार है और इससे दामों में होने वाले बदलाव की ज्यादा भरोसेमंद तस्वीर मिलती है। इतने बड़े स्तर पर सीपीआई के आधार वर्ष में बदलाव करना एक बहुत बड़ा संस्थागत प्रयास होता है। इसमें देश भर के फील्ड दफ्तरों, सांख्यिकी विभागों और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ संस्थाओं के बीच तालमेल जरूरी होता है। इस पूरी प्रक्रिया में मेथडोलॉजी की गहराई से जाँच की जाती है, अलग-अलग विकल्पों को परखा जाता है और अर्थशास्त्रियों व विषय-विशेषज्ञों से सलाह ली जाती है।

## (चिंतन-मनन) सर्वव्यापक और न्यायकारी ईश्वर

ईश्वर का दंड एवं उपहार दोनों असाधारण हैं। इसलिए आस्तिक को सदा ध्यान रहेगा कि दंड से बचा जाए और उपहार प्राप्त किया जाए।यह प्रयोजन छुटपुट पूजा-अर्चना, जप-ध्यान से पूरा नहीं हो सकता। यह भावनाओं और क्रियाओं को उत्कृष्टता के सांचे में ढालने से ही पूरा होता है। न्यायनिष्ठ जज की तरह ईश्वर किसी के साथ पक्षपात नहीं करता। अपना गुणगान करने वाले के साथ यदि वह पक्षपात करने लगे, तब उसकी न्याय व्यवस्था का कोई मूल्य न रहेगा, सृष्टि की सारी व्यवस्था ही गड़बड़ा जाएगी। सबको अनुशासन में रखने वाला परमेर स्वयं नियम व्यवस्था में बंधा है। यदि वह उच्छृंखलता व अव्यवस्था बरतेगा तो फिर उसकी सृष्टि में पूरी तरह अंधेरा फैल जाएगा। फिर कोई उसे न तो न्यायकारी कहेगा और न समदर्शी। भगवान को हम सर्वव्यापक व न्यायकारी समझकर ईश्वर के दंड से डरें। उसका भक्त वत्सल ही नहीं, रौद्र रूप भी है, जो रुग्ण, मूक, बधिर, अंध, अपंगों की दशा देखकर सहज समझा जा सकता है। केवल बंशी बजाने वाले और रास रचाने वाले ईश्वर का ही ध्यान न रखें। उसका एक त्रिशूलधारी रूप भी है, जो दुरात्माओं का दमन व मर्दन करता है। न्यायनिष्ठ जज की तरह ईश्वर को भी भक्त-अभक्त, प्रशंसक-निंदक का भेद किए बिना व्यक्ति के शुभ-अशुभ कर्मो का दंड या पुरस्कार देना होता है। उपासना का उद्देश्य ईश्वर से अनुचित पक्षपात करना नहीं होना चाहिए। वह हमें सत्प्रवृत्तियों में संलग रहने और सत्पथ से विचलित न होने की दृढ़ता प्रदान करे। यही ईश्वर की कृपा का सर्वश्रेष्ठ चिह्न है।

# जिन हाथों ने कभी बंदूक थामकर हिंसा को अंजाम दिया, वही प्रशिक्षण लेकर सीख रहे हुनर

-नक्सल पुनर्वास नीति के तहत आत्मसमर्पित 40 माओवादियों को आजीविका मूलक गतिविधियों से जोड़ा जा रहा

-मुख्यधारा में लौटने के बाद चौगेल कैंप में दिया जा रहा विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण

**तारा शंकर**

अगर कुछ कर गुजरने का जज्बा मन में हो तो जीवन में हर काम आसान हो जाता है। इस कथन को आत्मसमर्पित माओवादियों ने चरितार्थ किया है। जिन हाथों ने कभी बंदूक थामकर हिंसा की राह अख्तियार किया था, आज उन्हीं हाथों को राज्य की नक्सल पुनर्वास नीति के तहत कुशल और दक्ष बनाने की कवायद जिला प्रशासन द्वारा की जा रही है। शासन की मंशानुसार ग्राम चौगेल (मुल्ला) कैंप में प्रशिक्षण देकर 'हिंसा से हुनर' की ओर लौटे माओवादियों को नया जीवनदान मिल रहा है।

आजीविका मूलक गतिविधियों का दिया जा रहा है प्रशिक्षण कभी माओवाद गतिविधियों में संलिप्त रहे युवक-युवतियों को अब ड्राइविंग, सिलाई, काष्ठशिल्प कला, सहायक इलेक्ट्रिशियन जैसे विभिन्न ट्रेड में सतत् प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे वे समाज की मुख्य धारा में लौटने के बाद आजीविका मूलक गतिविधियों में कुशल होकर बेहतर ढंग से सम्मान पूर्वक जीवन निर्वाह कर सके।

चौगेल कैंप परिसर बना कौशलगढ़

वर्षों से लाल आतंक के साए में हिंसा का दंश झेल रहा बस्तर संभाग अब विकास की ओर शनैः-शनैः आगे बढ़ रहा है और माओवाद का दायरा धीरे-धीरे सिमटता जा रहा है। छत्तीसगढ़ सहित देश को



माओवाद से मुक्ति दिलाने केंद्र सरकार के संकल्प को पूरा करने प्रदेश सरकार हरसंभव प्रयास कर रही है। वहीं हथियार उठाने वालों को भविष्य गढ़ने का सुनहरा अवसर भी सरकार द्वारा दिया जा रहा है। आत्मसमर्पित/पीड़ित नक्सल पुनर्वास नीति-2025 के अंतर्गत उन्हें विभिन्न सृजनात्मक और रोजगारमूलक गतिविधियों के तहत प्रशिक्षण दिया जा रहा है। भानुप्रतापपुर विकासखंड से लगे ग्राम चौगेल (मुल्ला) का बीएसएफ कैम्प परिसर 'कौशलगढ़' बन गया है, जहां समाज की मुख्यधारा में लौटे 40 आत्मसमर्पित माओवादियों को अलग-अलग पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षित किया जा रहा है, साथ ही उन्हें शिक्षित भी किया जा रहा है। आवश्यकतानुसार कक्षा पहली से आठवीं तक के पाठ्यक्रमों का नियमित अध्ययन कराया जा रहा है, जिसमें रूचि लेते हुए सभी आत्मसमर्पित माओवादी अपने भविष्य को पूरी शिद्दत से गढ़ने में संलग्न हैं। 20-20 का बैच बनाकर उन्हें हुनरमंद बनाने के सतत प्रयास किए जा रहे हैं।

**ड्राइविंग सीखने का शौक अब पूरा हो रहा- मनहेर तारम**

चारपहिया वाहन चालन का प्रशिक्षण ले रहे आत्मसमर्पित माओवादी 40 वर्षीय श्री मनहेर तारम ने बताया कि पिछले दो सप्ताह से उन्हें ड्रायविंग की ट्रेनिंग दी जा रही है, जिसे वे पूरी रूचि के साथ सीख रहे हैं। ट्रेनर द्वारा स्टेयरिंग थामने से लेकर क्लच, ब्रेक व एक्सिलरेटर का प्रयोग करना सिखाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ड्रायविंग सीखने की चाहत अब पूरी हो रही है। इसके अलावा सिलाई और काष्ठशिल्प का प्रशिक्षण कैम्प में दिया जा रहा है। इसी तरह श्री नरसिंह नेताम ने बताया कि वह भी फोरव्हीलर की ड्रायविंग में अपना हाथ आजमा रहे हैं तथा यहां आकर ऐसी गतिविधियों से जुड़ रहे हैं, जिससे आगे का जीवन बेहतर हो सके। 19 साल के सुकदू पद्दा ने बताया कि यहां पिछले तीन महीने से ट्रेनिंग ले रहे हैं और खुद को आजीविका मूलक कार्यों से जोड़ रहे हैं, जबकि वह निरक्षर है। वहीं 19 वर्ष की कु. काजल वेड़दा ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का अनुभव साझा करते हुए कहा कि यहां आकर अलग-अलग पाठ्यक्रमों में नियमित रूप से प्रशिक्षण दिया जा रहा है।




मेष राशि: आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज कुछ मुश्किलें रहेंगी, लेकिन आप सकारात्मक सोच रख कर उनका हल निकाल लेंगे। घर में व्यवस्था बनाए रखने तथा रखरखाव संबंधी कार्यों में व्यस्तता रहेगी। किसी नजदीकी व्यक्ति की समस्या में उसका सहयोग करने से खुशी मिलेगी।

वृष राशि: आज आपका दिन लाभदायक रहगा। अपनी काबिलियत के दम पर अच्छे लोगों के साथ रिश्ते को मज़बूत बनायेंगे। किसी भी कार्य में दूसरों की मदद से अपेक्षा न करें तथा अपनी योग्यता पर ही विश्वास रखें, आपको निश्चित फायदा होगा। वित्तीय मामलों को लेकर लिया गया निर्णय फायदेमंद साबित होगा। आज आपके रुके हुए कार्य पूर्ण होंगे।

मिथुन राशि: आज आपका दिन एक नई उमंग लेकर आयेगा। इस राशि की महिलाएं अपने मान-सम्मान को लेकर विशेष रूप से सजग रहेगी तथा दूसरों की बातों में न आकर अपने निर्णय को ही प्राथमिकता देगी। आपके काम को लेकर आपके परिवार वाले तारीफ करेंगेआपका मन प्रसन्न रहेगा।

कर्क राशि: आज आपका दिन उत्साह से भरा रहेगा। कारोबारी गतिविधियों में समय अनुसार बदलाव की जरूरत है। इलेक्ट्रॉनिक्स का सामान खरीदने का विचार बना रहे, लोगों के लिए आज अच्छा समय है। परिवारजनों के साथ सुखद समय व्यतीत होगा। आज मनोरंजन का प्रोग्राम बनेगा। आज आपका स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

सिंह राशि: आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज कुछ अच्छे लोगों से आपकी मुलाकात हो सकती है। किसी काम में उनकी मदद भी मिलेगी। आप कुछ नये विचारों पर काम करेंगे ये विचार आपको अधिक मुनाफा देंगे। आप अपने स्वास्थ्य का पूरा ख्याल रखेंगे। अपने लक्ष्य पर फोकस करेंगे तो जल्दी ही आपको सुखद परिणाम मिलेंगे ।

कन्या राशि: आज आपका दिन शानदार रहेगा। जॉब के लिए आपको किसी अधिकारी का पूरा सहयोग मिलेगा। तरक्की के नए रास्तें खुलेंगे। ऑफिस में सब आपके काम की तारीफ करेंगे, बॉस आपको शाबाशी देंगे। राजनीति में आपको कुछ नया अनुभव मिलेगा। आज आप किसी धार्मिक फंक्शन में जा सकते हैं। जहां दोस्तों से मुलाकात होगी। परिवार में सुख शांति बनी रहेगी। आज उलझनों को खुद से दूर रखें, इससे आप बेहतर तरीके से फैसला ले पाएंगे।

तुला राशि: आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आज अनावश्यक खर्चों पर कटौती करने से आपकी आर्थिक समस्या काफी हद तक सुलझ सकती है। आप अपनी महत्वपूर्ण वस्तुएं संभाल कर रखें। कारोबारी गतिविधियां व्यवस्थित रहेगी, लेकिन लेनदेन संबंधी मामलों को सावधानी रखें।

वृश्चिक राशि: आज का दिन बेहतर रहेगा। आप अपने विनम्र व्यवहार से सबका दिल जीतेंगे । किसी भी चुनौती का आप सूझबूझ से समाधान निकाल लेंगे। व्यस्तता के बावजूद आप अपने व्यक्तिगत कार्यों को भी सहज तरीके से निपटा लेंगे। आज लाभ के मौके मिलने पर ज्यादा सोच-विचार करने के बजाय तुरंत उसे हासिल करें।

धनु राशि: आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। प्रियजनों से मिलना आपके लिए खुशी का माहौल बनाएगा। आपको आपकी मनपसन्द वस्तु मिलेगी, जिससे आप बहुत ही अधिक प्रसन्न होंगे। आज पिछले कुछ समय से चल रही समस्या का समाधान मिलेगा और आप अपने अन्य कामों पर भी ध्यान दे पाएंगे। परिवारजनों के साथ घर के रखरखाव संबंधी योजनाएं बनेंगी ।

मकर राशि: मकर राशि वालों आज का दिन घूमने फिरने में बितेगा। आज अफवाहों पर ध्यान न देकर अपने कामों पर फोकस करें। आने वाले दिनों में आपको मेहनत के मुताबिक सफलता मिलेगी। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए दिन अच्छा रहेगा। आज समस्याओं से घबराने के बजाय सॉल्यूशन खोजने की कोशिश करेंगे।

कुम्भ राशि: आज आपका दिन बेहद खुशनुमा रहेगा। आज अत्यधिक व्यस्तता के बावजूद आप परिवार और व्यवसाय में उचित सामंजस्य बनाकर रखेंगे। अपना उत्साह बनाए रखें क्योंकि लापरवाही की वजह से कई मौका हाथ से निकल जायेंगे। कारोबार में नई गतिविधियों पर काम करने के लिए दिन अच्छा है, लेकिन अच्छे नतीजे के लिए धैर्य रखना होगा।

मीन राशि: आज आपका दिन सुनहरा रहेगा। वरिष्ठ जनों का मार्गदर्शन मिलने की वजह से कई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में आपको आसानी होगी। भावनाओं में बहकर आप अपनी महत्वपूर्ण बात किसी के साथ शेयर न करें। कुछ समय बच्चों की परेशानियों को सुलझाने के लिए भी अवश्य निकालें। इससे उनका मनोबल बढ़ेगा। नया घर खरीदने का विचार बना रहे लोग आज डील फाइनल कर लेंगे।

# गाजियाबाद गर्ल्स सुसाइड केस भावी समाज की डरावनी झलक है..



अजय बोकिल

उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद की भारत सिटी सोसाइटी में ऑन लाइन गेम्स की लत और वर्चुअल एवं एकाकी में जी रही तीन नाबालिग बहनों की खुदकुशी की सिहरा देने वाली घटना को विरल मानकर नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। इस गंभीर घटना की भीतरी पर्तें जिस तरह से खुल रही है, वह इस बात की गंभीर चेतावनी है कि हमारा भावी समाज कैसा होगा? इस घटनाक्रम में एक एंगल परिवार में आंतरिक तनाव, एकाकीपन और आपसी संवादहीनता का भी आ रहा है, यदि ऐसा है तो भी यह चेतावनी भरा है कि महज पच्चीस साल बाद मानव समाज में आपसी रिश्ते कैसे और किस दिशा में संचालित होंगे। जिन तीन लड़कियों ने आधी रात के बाद बिल्डिंग से छलांग लगाकर अपनी जान दे दी, उनकी डायरी से चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि इस 'बीटा जनरेशन' की सोच, समझ, प्राथमिकताएं और सपने क्या हैं? यथार्थ जगत से उनका कितना नाता है? ये दुर्भाग्यपूर्ण मौतें केवल वर्चुअल वर्ल्ड में जीने का परिणाम है अथवा परिवारिक सहजीवन और परस्परता के तार-तार होने का बुरा संकेत है? युवा होती पीढ़ी की नजर में मुश्किल से मिले मनुष्य जीवन के क्या मायने हैं? कोरियन कल्चर ( या किसी और कल्चर से भी) से प्रभावित होकर असमय जान गंवाने वाली तीनो लड़कियां समाज से लगभग पूरी तरह कट चुकी थीं या उन्हें काट दिया गया था। इसमें उनके परिजनों का भी दोष है। लेकिन जहां ऐसा नहीं है, वहां भी बच्चों की मानसिकता में बहुत ज्यादा फर्क नहीं है। चिंता की बात यही है कि भावी समाज किस बुनियाद पर टिका होगा? और ऐसा समाज जो, संवेदना, संवाद और सहकार रहित हो, उसे मानव समाज कहना मुश्किल होगा। कहा जा रहा है कि भावी समाज 'अति डिजीटल समेकित समाज' ( हाइपर डिजीटल इंटीग्रेटेड सोसाइटी) होगा, तथा भौतिक और आभासी समाज का हाईब्रिड होगा। आज अधिकांश बच्चे स्मार्ट फोन के चलते ऑन लाइन गेम्स के लती होते जा रहे हैं। भविष्य के बच्चे तो बचपन से ही स्मार्ट फोन से भी आगे एआई के गुलाम बन जाएंगे। जानकारों को आशंका है कि उनकी अपनी कल्पनाशक्ति, सोच, समझ और संवेदना धीरे-धीरे कुंद होने लगेगी। वो तंत्र, प्रौद्योगिकी और आभासी विश्व के दास बन जाएंगे। यूं संचार क्रांति के चलते भौतिक दूरियां और मिटेंगी, लेकिन भावनात्मक नजदीकियां दूरियों में तब्दील हो जाएंगी। यानी लोग पास आकर भी दूर होते जाएंगे। ऐसा भावी समाज 'अलोन टुगेदर' यानी 'अकेले रहकर साथ रहने वालों' का होगा। दुर्भाग्य से आज मोबाइल स्मार्ट फोन बड़ों से भी ज्यादा बच्चों की लत में तब्दील हो रहा है। कई मांएं तो बच्चों को चुप कराने के लिए खुद ही अपना फोन बच्चों को खेलने के लिए दे देती है। आलम यह है कि बच्चा घर या स्कूल में ककहरा सीखने से पहले ही नेट चलाना सीख जाता है। मोबाइल या टैबलेट पर बच्चों का बढ़ता स्क्रीन टाइम उसे उस दुनिया का नागरिक अभी से बना रहा है, जो कम से कम सामाजिकता के जिंदा रहने की दृष्टि से कतई ठीक नहीं है। वाई-फाई पर चल रहे ट्रैफिक पर नजर रखने वाली डिवाइस हैप्पीनेट्ज कंपनी के सर्वे में पाया गया कि आज बच्चे इंटरनेट पर वो सब देख रहे हैं, जो उन्हें इस कच्ची उम्र में कतई नहीं देखना चाहिए। फिर चाहे वह यू-ट्यूब हो या फिर ऑन लाइन गेमिंग। इससे नई मानसिक समस्याएं पैदा हो रही है। हाल में हुई एक स्टडी बताती है कि एक बच्चे को जितनी जल्दी स्मार्टफोन दिया जाता है, उतनी ही जल्दी उसको मेंटल प्रॉब्लम्स का सामना करना पड़ सकता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक इंटरनेट पर बच्चे साइबर बुलीइंग, डेटा प्राइवेसी, इन्फॉर्मेशन लीक जैसी कई तरह की गलत एक्टिविटी की चपेट में आ रहे हैं। मां- बाप को इसकी या तो जानकारी नहीं है या फिर वो जानकर भी अनजान और असहाय हैं। हकीकत यह है कि स्मार्टफोन की लत के चलते कई बच्चे किसी भी काम पर सही ढंग से फोकस नहीं कर पाते। चुनिंदा बच्चे अति कुशाग्र हैं तो कई बच्चों की एकाग्रता लगातार घट रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि 2040 तक यानी मात्र 14 साल बाद ही वर्च्युअल रियलिटी यानी वीआर (आभासी वास्तविकता) और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई ( कृत्रिम बुद्धिमत्ता) का आपस में इतना घालमेल हो जाएगा कि उन्हें एक दूसरे से अलग करना मुश्किल होगा। वर्चुअल रियलिटी के साथ तेजी से बढ़ती मिक्स्ड रियलिटी यानी एमआर ( मिश्रित वास्तविकता) तथा एक्सटेंडेड रियलिटी यानी ईआर ( विस्तारित वास्तविकता) का तेजी से विस्तार भी इसमें शामिल हो जाएगा। जीवन के हर क्षेत्र में एआई की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण, अनिवार्य और निर्णायक हो जाएगी। एआई को 'सेकंड सेल्फ' यानी 'दूसरा स्वयं' भी कहा जा रहा है। जबकि मेटावर्स एक गहन आभासी पर्यावरण होगा, लोग जिसके जरिए ही आपस में संवाद करेंगे। 'खूब गुजरेगी जब मिल बैठेंगे दीवाने दो' जैसे जुमले इतिहास की बात होंगे। हकीकत में लोग एक काल्पनिक और अव्यावहारिक दुनिया में ज्यादा जीएंगे। वर्चुअल समाज की अर्थव्यवस्था और सामाजिकता भी वर्चुअल ही ज्यादा होगी। प्रत्यक्ष संवाद और मिल बैठकर सुख-दुख की? दो बातें गुजरे जमाने की बात होगी। ज्यादातर लोग अपने में मगन होंगे। सब कुछ होते हुए भी कुछ नहीं होने का अवसाद बना रहेगा और जो आत्मघात तक बढ़ सकता है। ऐसी दुनिया में जीवित रहने के लिए लोगों में क्रिटिकल इमरसिव लिटरेसी ( निर्णायक गहन साक्षरता) की दरकार होगी।भावी डिजिटल समाज में मानवीय रिश्ते इस बात से तय होंगे कि हम संवाद किस तरह करते हैं। सोशल मीडिया के रूप में आज हम यह देख ही रहे हैं, जो हमे सतत संवाद की अवस्था में उलझाए रखता है, लेकिन जिसकी विश्वसनीयता और प्रामाणिकता बहुत संदिग्ध है। उदाहरण के लिए किसी मर चुके व्यक्ति को उसके मेटा पर अनडिलीटेड अकाउंट पर बिना देखे-समझे जन्मदिन की बधाई देते चले जाना है। और ऐसा करने वाले पढ़े-लिखे लोग ही होते हैं। ऐसा लगता है कि लोग किसी बात की गहराई और प्रामाणिकता की पुष्टि के परिश्रम को धता बता चुके हैं।

दरअसल 24×7 संपर्क और संवाद आपको जितना सक्रिय रखता है, उतना ही आपकी निजता के लिए घातक भी है और वक्त की बर्बादी भी। इससे अकेलापन बढ़ता है और मनुष्य को अवसाद की ओर ले जाता है। आने वाले वर्षों में यह प्रवृत्ति और बढ़ेगी। जीवन के कठोर सत्य को स्वीकार कर चुनौतियों से जूझने और संघर्ष का माद्दा घटता जाएगा।



## एनसीआर में तेज हवाओं का असर, ठंड बढ़ी, वायु गुणवत्ता में आंशिक सुधार



नई दिल्ली (आरएनएस)। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में इन दिनों तेज सतही हवाओं के चलते मौसम में लगातार बदलाव देखने को मिल रहा है। सुबह और शाम के समय लोगों को गलन भरी ठंड का एहसास हो रहा है, जबकि दिन में तेज धूप और हवाओं की वजह से तापमान सामान्य से थोड़ा अधिक महसूस किया जा रहा है। मौसम विभाग ने दिन के समय तेज सतही हवाएं चलने की चेतावनी भी जारी की है। भारतीय मौसम विभाग की वेबसाइट के अनुसार 7 फरवरी को अधिकतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 10 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि आर्द्रता 95 से 65 प्रतिशत के बीच रही। 8 फरवरी को सुबह के समय हल्की धुंध रहने का अनुमान है, तापमान 23 से 10 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा। वहीं 9 फरवरी को मध्यम कोहरे की संभावना जताई गई है, न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस तक गिर सकता है। तेज हवाओं का असर वायु गुणवत्ता पर भी देखने को मिल रहा है। दिल्ली के कई इलाकों में एयर क्वालिटी इंडेक्स ऑरेंज और यलो जोन में दर्ज किया गया है। आनंद विहार में एक्यूआई 260, अशोक विहार में 249, बवाना में 263, चांदनी चौक में 232, रोहिणी में 259, शादिपुर में 273, विवेक विहार में 264 और वजीरपुर में 253 दर्ज किया गया, जो खराब श्रेणी में आता है।

वहीं कुछ इलाकों में स्थिति अपेक्षाकृत बेहतर रही। आयानगर में एक्यूआई 151, सीआरआरआई मथुरा रोड पर 157 और श्री अरबिंदो मार्ग पर 140 दर्ज किया गया, जो मध्यम श्रेणी में है। दिल्ली से सटे एनसीआर के अन्य शहरों की बात करें तो गाजियाबाद के लोनी में एक्यूआई 275, इंदिरापुरम में 252, वसुंधरा में 246 और संजय नगर में 230 दर्ज किया गया। नोएडा के सेक्टर-125 में एक्यूआई 215, सेक्टर-62 में 168, सेक्टर-1 में 204 और सेक्टर-116 में 182 दर्ज किया गया।

विशेषज्ञों के मुताबिक तेज हवाओं के कारण प्रदूषक कणों का फैलाव हो रहा है, जिससे वायु गुणवत्ता में आंशिक सुधार देखने को मिल रहा है। हालांकि, सुबह और रात के समय ठंड और गलन से लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है। मौसम विभाग ने नागरिकों को सलाह दी है कि बुजुर्ग, बच्चे और सांस के रोगी सुबह-शाम बाहर निकलते समय सावधानी बरतें।

## गत सरकार के पांच साल से अधिक काम हुए हमारे दो साल में : भजनलाल शर्मा

जयपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि भारत की आत्मा गांवों में बसती है। हमारी सरकार गांवों के उत्थान के लिए निरंतर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेशभर में लगाए जा रहे ग्राम उत्थान शिविर सरकार की जनता के प्रति जवाबदेही का प्रतीक है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि इन शिविरों में जाकर सरकारी योजनाओं की पूरी जानकारी लें और उनका भरपूर लाभ उठाएं।

लाडनूं में आयोजित ग्राम उत्थान शिविर एवं जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि राजस्थान का किसान, गरीब, पशुपालक सरकारी योजनाओं से वंचित न रहे। इसी सोच के साथ हमारी सरकार ने प्रत्येक गिरदावर सर्किल पर ग्राम उत्थान शिविरों की शुरुआत की है जिससे ग्रामीणों को घर के नजदीक ही राज्य की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जा सके। प्रधानमंत्री के ग्रामीण भारत को सशक्त करने के लिए उठाए अनेक कदममुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ग्रामीण भारत को सशक्त करने के लिए विकसित भारत जी राम जी कानून लेकर आई है। इस कानून से ग्रामीण क्षेत्रों में साल में 125 दिन का पक्का रोजगार मिलेगा। हर काम डिजिटल तरीके से रिकॉर्ड होगा। इससे पूरी पारदर्शिता व तकनीक के सहारे काम होगा और मजदूरी सीधे लाभार्थी के खाते में पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि इस कानून के तहत गांव में स्थायी संपत्ति बनेगी।

# ट्रेड डील पर ऐलान के बाद भारत के लिए आई अच्छी खबर, रूस से तेल खरीदने पर ट्रंप ने हटाया 25 प्रतिशत टैरिफ

नई दिल्ली (आरएनएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस से तेल खरीदने के मुद्दे पर भारत पर लगाए गए 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ को हटा दिया है। उन्होंने कहा कि भारत ने इस दिशा में अहम कदम उठाए हैं और मॉस्को से सीधे या अप्रत्यक्ष रूप से तेल आयात बंद करने का आश्वासन दिया है।

जारी एक कार्यकारी आदेश में ट्रंप ने कहा कि उन्हें वरिष्ठ अधिकारियों से जानकारी और सिफारिशें मिली हैं, जिनके अनुसार भारत ने कार्यकारी आदेश 14066 में बताई गई राष्ट्रीय आपात स्थिति से निपटने के लिए ठोस प्रयास किए हैं। भारत ने रूस से तेल आयात बंद करने और अमेरिका से ऊर्जा उत्पाद खरीदने का वादा किया है। इसके अलावा, भारत और अमेरिका के बीच अगले 10 वर्षों के लिए रक्षा सहयोग बढ़ाने को लेकर एक फ्रेमवर्क पर भी सहमति बनी है।

ट्रंप ने कहा कि उपलब्ध कराई गई जानकारी पर विचार करने के बाद यह निष्कर्ष निकाला गया कि भारत ने अमेरिका के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा, विदेश नीति और आर्थिक मामलों में पर्याप्त तालमेल बिठाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इसी आधार पर भारत से



आने वाले उत्पादों पर लगाए गए अतिरिक्त एड वैलोरम शुल्क को समाप्त करने का फैसला लिया गया है।

इस बीच, अमेरिका-भारत के साझा बयान में कहा गया है कि भारत कई अमेरिकी औद्योगिक उत्पादों के साथ-साथ खाद्य और कृषि उत्पादों की एक बड़ी श्रेणी पर टैरिफ हटाएगा। इनमें सूखे डिस्टिलर ग्रेन (DDGs), पशु आहार के लिए लाल ज्वार, ट्री नट्स, ताजे और प्रोसेस्ड फल, सोयाबीन तेल, वाइन, स्पिरिट्स और अन्य उत्पाद शामिल हैं।

इसके बदले में अमेरिका भी वस्तुओं की एक लंबी सूची पर पारस्परिक टैरिफ दरों में कटौती करेगा। साथ ही कुछ ऐसे उत्पादों पर टैरिफ पूरी तरह हटाने पर भी विचार किया जाएगा, जो अमेरिका में निर्मित नहीं होते हैं, बशर्ते दोनों देशों के बीच बातचीत सफल रहती है।

## जोधपुर आ रहीं थाईलैंड की राजकुमारी, शाही अंदाज में किया जाएगा स्वागत, प्रशासन अलर्ट

नई दिल्ली,(ए)। थाईलैंड की राजकुमारी सिरिवन्नवारी नारीरत्ना 8 फरवरी को जोधपुर के दो दिवसीय दौरे पर आ रही हैं। वे विशेष विमान से जोधपुर पहुंचेंगी। राजकुमारी के आगमन को लेकर जिला प्रशासन और संबंधित विभागों ने तैयारियां की हैं। उनके दौरे को लेकर पुलिस आयुक्त ने मारवाड़ इंटरनेशनल सेंटर में रॉयल थाई एंबेसी के प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की सुरक्षा, आवागमन, ठहराव और भ्रमण को लेकर अलग-अलग अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। राजकुमारी के शाही स्वागत को लेकर प्रशासन अलर्ट है।मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एयरपोर्ट से लेकर राजकुमारी के ठहरने और भ्रमण करने वाले स्थानों तक विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ यातायात व्यवस्था को भी सुचारु रखने के निर्देश दिए हैं। राजकुमारी का स्वागत पारंपरिक और शाही अंदाज में किया जाएगा। राजकुमारी मेहरानगढ़ किला, उम्मेद भवन पैलेस और जसवंत थड़ा सहित प्रमुख पर्यटन स्थलों का भ्रमण करेंगी। पुलिस आयुक्त ने विशेष सुरक्षा, विभागीय समन्वय और आमजन को न्यूनतम असुविधा सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए हैं। बता दें राजकुमारी सिरिवन्नवारी केवल फैशन तक सीमित नहीं हैं। वे थाईलैंड की शाही सेना में मेजर के पद पर कार्यरत हैं। इसके अलावा वे एक कुशल घुड़सवार हैं और खेल, कला व संस्कृति के क्षेत्र में उनकी गहरी रुचि है। राजकुमारी सिरिवन्नवारी नारीरत्ना आधुनिक फैशन को पारंपरिक शिल्प से जोड़ने के लिए भी जानी जाती हैं।

## भारत-अमेरिका व्यापार समझौते से मेक इन इंडिया को मिलेगी नई ताकत : पीएम मोदी



नई दिल्ली, (आरएनएस)। अमेरिका और भारत ने एक अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप दे दिया है, जिससे भारतीय सामानों पर अमेरिकी टैरिफ 18 प्रतिशत कम हो जाएगा। शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस व्यापार समझौते की सराहना करते हुए इसे दोनों देशों के लिए बहुत अच्छी खबर बताया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, हमने अपने दोनों महान देशों के बीच एक अंतरिम व्यापार समझौते के लिए एक रूपरेखा पर सहमति जताई है। मैं हमारे देशों के बीच मजबूत संबंधों के प्रति अपनी व्यक्तिगत प्रतिबद्धता के लिए राष्ट्रपति ट्रंप को धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहा, यह रूपरेखा हमारी साझेदारी की बढ़ती गहराई, विश्वास और गतिशीलता को दिखाती है। यह भारत के मेहनती किसानों, उद्यमियों, एमएसएमई, स्टार्टअप इनोवेटर्स, मछुआरों और अन्य लोगों के लिए नए अवसर खोलकर मेक इन इंडिया को मजबूत करती है। इससे महिलाओं और युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार पैदा होगा।



जगदलपुर के लालबाग मैदान में आयोजित संभाग स्तरीय बस्तर पण्डुम के शुभारंभ समारोह में अबूझमाड़ मल्लखंब एंड स्पोर्ट्स एकेडमी के नन्हे खिलाड़ियों ने देश की सर्वोच्च संवैधानिक पदाधिकारी राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु के समक्ष मल्लखंब की अद्भुत प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## आने वाला समय भाजपा का, पीएम मोदी के नेतृत्व में पंजाब बनेगा देश का अग्रणी राज्य : सीएम नायब सिंह सैनी

चंडीगढ़ (आरएनएस)। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आने वाला समय भारतीय जनता पार्टी का है और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सशक्त नेतृत्व में पंजाब देश का अग्रणी राज्य बनेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार बनते ही पंजाब में विकास की रफ्तार तेज होगी और केंद्र की सभी जनकल्याणकारी योजनाएं ज़मीन पर प्रभावी रूप से लागू की जाएंगी।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शुक्रवार को पंजाब के गांव पंजौला में आयोजित सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर आयोजक सतपाल पुनिया द्वारा मुख्यमंत्री का पुष्पगुच्छ एवं सिरोपा भेंट कर भव्य स्वागत किया गया।

**हरियाणा बना किसान-हितैषी राज्य, 24 फसलों पर MSP और 48 घंटे में भुगतान**


मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि हरियाणा देश का पहला राज्य है जहां 24 फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य दिया जा रहा है। किसानों की फसल मंडी में पहुंचते ही 48 घंटे के भीतर भुगतान सीधे



उनके खातों में किया जा रहा है। प्राकृतिक आपदा से फसल खराब होने पर मुआवजा भी सीधे किसानों के खातों में ट्रांसफर किया जाता है, जिससे किसान आत्मनिर्भर और सुरक्षित महसूस कर रहा है।

**भाजपा ने संकल्प पत्र के वायदों को जमीन पर उतारा**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भाजपा ने जो वायदे किए, उन्हें केवल कागज़ों तक सीमित नहीं रखा। संकल्प पत्र के 217 वायदों में से पहले चरण में 60 वायदे पूरे किए जा चुके हैं, जबकि शेष संकल्पों को भी तेजी से पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पंजाब और हरियाणा का खून का रिश्ता है, संस्कृति और संस्कार एक जैसे हैं, इसलिए विकास का मॉडल भी सांझा होना चाहिए।मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में महिलाओं को लाडो लक्ष्मी योजना के तहत 2100 रुपये प्रति माह दिए जा रहे हैं, जिसके लिए बजट में 5000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। वहीं पंजाब में महिलाओं को 1100 रुपये देने की घोषणा आज तक पूरी नहीं हो पाई है। यह भाजपा और अन्य दलों के काम करने के तरीके का बड़ा अंतर दर्शाता है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लगभग 1.50 लाख लोगों को मकान उपलब्ध कराए गए हैं। इसके अलावा 27 हजार पात्र परिवारों को 100-100 गज के प्लॉट और 14 शहरों में पहले चरण में 15 हजार लोगों को 30-30 गज के प्लॉट दिए गए हैं। पंचायती भूमि पर 20 वर्षों से कब्जाधारी लोगों को मालिकाना हक भी दिया गया है।



केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने जम्मू और कश्मीर में विकास परियोजनाओं की प्रगति का जायजा लेने के लिए जम्मू में एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।

### मलेशिया यात्रा से पहले प्रधानमंत्री मोदी बोले- भारतीय समुदाय हमारे रिश्तों का मजबूत सेतु

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मलेशिया दौरे पर रवाना होने से पहले बयान जारी किया है। उन्होंने कहा कि मैं मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के साथ बातचीत व व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए उत्सुक हूं। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, मैं आज अपने दोस्त प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के न्योते पर मलेशिया की आधिकारिक यात्रा पर जा रहा हूं। भारत और मलेशिया के बीच ऐतिहासिक संबंधों में हाल के सालों में लगातार प्रगति हुई है। मैं प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के साथ बातचीत और व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए उत्सुक हूं।

## रोहित शेट्टी फायरिंग केस : 20 जनवरी को स्कूटी लेकर मुंबई आए थे आरोपी, क्राइम ब्रांच ने किया बड़े प्लान का खुलासा



मुंबई, (आरएनएस)। मुंबई में रोहित शेट्टी के घर फायरिंग की घटना ने शहर में हड़कंप मचा दिया था और अब मामले की गुत्थी धीरे-धीरे खुलती नजर आ रही है। मुंबई क्राइम ब्रांच की जांच में घटना की बड़ी साजिश का खुलासा हुआ है। पुलिस ने बताया कि इसमें अवैध हथियारों की सप्लाई, बड़े पैमाने पर फंडिंग और अंतरराष्ट्रीय कनेक्शन की संभावना है।

पुलिस के अनुसार, 20 जनवरी को आरोपी सिद्धार्थ और समर्थ दोपहिया वाहन लेकर पुणे से मुंबई पहुंचे थे। उनका उद्देश्य उस शूटर तक स्कूटर पहुंचाना था, जिसे विले पार्ले रेलवे स्टेशन के पास खड़ा किया गया था। शूटर, जो बिहार का रहने वाला बताया गया है, अपने चार-पांच साथियों के साथ मुंबई में रुका था और कथित तौर पर फायरिंग से पहले रोहित शेट्टी के घर की तीन-चार बार रेकी कर चुका था। जांच में और भी कई खुलासे हुए हैं। आरोपी स्वप्निल सकट के घर से पुलिस ने एक पिस्तौल, तीन मैगजीन और एक एयर गन बरामद की। जांच में पता चला कि ये हथियार मुख्य साजिशकर्ता शुभम रामेश्वर लोनकर के कहने पर गिरफ्तार आरोपी आसाराम फसाले ने स्वप्निल को सौंपे थे। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि क्या इन हथियारों का इस्तेमाल पहले किसी और अपराध में हुआ था या नहीं। पुलिस ने कोर्ट को बताया कि इस साजिश के लिए फंडिंग का इंतजाम किया गया था। कथित तौर पर, इन पैसों का इस्तेमाल स्कूटर खरीदने और अन्य जरूरी सामान जुटाने में किया गया। अब पुलिस बैंक खातों और फाइनेंशियल ट्रांजैक्शन की जांच कर रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि फंडिंग कहां से आई।जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग ऐप सिग्नल का इस्तेमाल कर रहे थे।

## विधान परिषद में टोपी उतरवाने का सीएम नीतीश का वीडियो वायरल, सियासत गरमाई

पटना,(ए.)। बिहार के सीएम नीतीश कुमार का एक वीडियो काफी वायरल हो रहा है। सीएम नीतीश ने विधान परिषद में पूर्व मंत्री, राजद नेता और वर्तमान एमएलसी को टोपी उतारने के लिए कह दिया। इसका वीडियो सामने आया तो अब राजनीति गरमा गई। कहा जा रहा है कि नीतीश अब एनडीए के साथ हैं और उनपर बीजेपी की राजनीति का असर हो गया है। यही कारण है कि नीतीश कुमार टोपी पहनने, टोपी ट्रांसफर करने से लेकर उतरवाने तक पर उतर आए हैं। क्या यह सच है? मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बजट सत्र में चर्चा के दौरान बीते 5 फरवरी को बिहार सरकार के पूर्व मंत्री और राजद के नेता अब्दुल



बारी सिद्दीकी अपना वक्तव्य विधान परिषद में दे रहे थे। इस दौरान सीएम नीतीश कुमार भी वहां मौजूद थे। विधान परिषद में टोपी पहनकर आए अब्दुल बारी सिद्दीकी से सीएम नीतीश ने कहा कि यह टोपी क्यों पहने हैं? हटाइये ना। इस पर अब्दुल बारी ने अपनी टोपी उतार दी और कहा कि लीजिए आपका हुकुम सर आंखों पर, मैं अपनी टोपी उतार देता हूं। वैसे टोपी उतरवाना एक मुहावरा है। बस यहीं से यह छोटा सा वाकया बड़ा राजनीतिक मुद्दा बन गया और बिहार की सियासत गर्म गई। एक बार फिर से टोपी उतरवाने की चर्चा करते हुए सीएम नीतीश को विपक्षी दल अपने निशाने पर ले रहे हैं। उनकी राजनीति में बदलाव से जोड़कर इसे देखा जा रहा है और बीजेपी की संगत का असर कहा जा रहा है। अब जब बात खुली है और टोपी की सियासत को हवा दे दी गई है तो टीका लगाने से नीतीश कुमार के इनकार करने का वाकया भी है।

## हिंदू राष्ट्र का सपना देखने वालों को नेपाल से सबक लेना चाहिए : अरशद मदनी

### वह दिन दूर नहीं जब हमारा देश मोहब्बत, सद्भाव और इंसाफ के रास्ते पर आगे बढ़ेगा

नई दिल्ली,(ए.)। जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने हिंदू राष्ट्र की मांग को लेकर उन्होंने कहा कि हिंदू राष्ट्र का सपना देखने वालों को पड़ोसी देश नेपाल के इतिहास से सबक लेना चाहिए। मदनी ने कहा कि नेपाल में भी एक समय हिंदू राष्ट्र की व्यवस्था लागू की गई थी, लेकिन वह ज्यादा समय तक नहीं टिक सकी और आखिरकार वहां लोकतांत्रिक संविधान के तहत नई व्यवस्था अस्तित्व में आई। उनका कहना है कि यही उदाहरण बताता है कि किसी भी देश की तरक्की, स्थिरता और शांति लोकतंत्र और संविधान से ही संभव है, न कि किसी एक धर्म को राष्ट्र पर थोपकर।मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मौलाना अरशद मदनी ने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि नफरत के सौदागर और हिंदू राष्ट्र का सपना देखने वालों को नेपाल से सबक लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि इतिहास गवाह है कि जब-जब किसी देश में एक खास विचारधारा या धर्म को थोपने की कोशिश की गई, वहां अंततः वह व्यवस्था ढह गई और जनता ने लोकतांत्रिक मूल्यों को चुना। मदनी ने कहा कि नेपाल में हाल के समय में हिंदू राष्ट्र की स्थापना की गई थी, लेकिन अंततः वहां यह व्यवस्था समाप्त हो गई और एक लोकतांत्रिक संविधान के तहत नई राजनीतिक व्यवस्था बनी। उन्होंने कहा कि यह साफ संकेत है कि आज की वैश्विक परिस्थितियों में किसी भी देश की वास्तविक प्रगति तभी संभव है, जब वहां संविधान, लोकतंत्र और सभी नागरिकों के समान अधिकारों की रक्षा की जाए। मौलाना मदनी ने कहा कि भारत में भी कुछ सांप्रदायिक शक्तियां और संगठन देश को हिंदू राष्ट्र बनाने का सपना देख रहे हैं, लेकिन उनकी यह साजिश कभी सफल नहीं होगी।

# एक खूबसूरत प्रेम कहानी से कहीं ज्यादा है दो दीवाने सहर में : संदीपा धर



संजय लीला भंसाली के बैनर तले रोमांटिक ड्रामा दो दीवाने सहर में का ट्रेलर हाल ही में रिलीज हुआ है। यह फिल्म आधुनिक रिश्तों, भावनात्मक उलझनों और आज की तेज रफ्तार भरी जिंदगी में प्यार की बदलती परिभाषाओं को संवेदनशील तरीके से पेश करती है, जो एक साथ निजी भी हो और बेहद रिलेटेबल भी। ट्रेलर रिलीज होते ही दर्शकों में चर्चा का विषय बन गया है। यह फिल्म मुंबई की चमक-दमक वाली जिंदगी में दो ऐसे लोगों की कहानी बताती है जो अपनी कमियों से जूझते हुए प्यार ढूंढते हैं। ट्रेलर में संदीपा धर की छोटी लेकिन प्रभावशाली एंट्री ने खासा ध्यान खींचा है। भले ही उनका स्क्रीन टाइम कम हो, लेकिन हर फ्रेम में उनका कॉन्फिडेंस और मजबूत प्रेजेंस साफ दिखता है। एक सीन में अभिनेत्री हरे रंग की खूबसूरत ड्रेस में और दूसरे में सिंपल-एलीगेंट लुक में नजर आ रही हैं।संदीपा ने अपने स्क्रीन प्रेजेंस से उत्सुकता का तड़का लगाया है। उनकी मौजूदगी फिल्म के अर्बन और रोमांटिक मूड के साथ अच्छी तरह घुलमिल गई है। उनकी संयमित और सधी हुई एक्टिंग से लगता है कि संदीपा का किरदार भावनात्मक गहराई वाला है, जो फिल्म में आगे चलकर खुलकर सामने आएगा।संजय लीला भंसाली जैसे बड़े फिल्ममेकर के साथ काम करना संदीपा के करियर का महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने अब तक ऐसे रोल चुने हैं, जो उन्हें एक बेहतर एक्ट्रेस के रूप में आगे ले जाते हैं। इसी कड़ी में दो दीवाने सहर में' से उनका जुड़ाव कंटेंट-ड्रिवन और लेयर्ड सिनेमा की ओर उनके सोच-समझकर किए गए कदम को दर्शाता है।संदीपा ने फिल्म को लेकर कहा, फिल्म दो दीवाने सहर में का हिस्सा बनना मेरे लिए बेहद खास अनुभव रहा है। मृणाल, मेरी रोशनी, तुम्हारी परफॉर्मेंस में इतनी ईमानदारी और संवेदनशीलता है कि कई बार मैं भूल जाती थी कि तुम अभिनय कर रही हो। वहीं, रवि उदय सर, आप पलों को ऐसे कैद करते हैं कि मैं उन्हें महसूस करती हूं। अभिरूचि आनंद और पूरी टीम को शुक्रिया।हालांकि, फिल्म में संदीपा के किरदार से जुड़ी जानकारी को गोपनीय रखा गया है, लेकिन ट्रेलर देखकर पता चलता है कि फिल्म में अभिनेत्री को एक फ्रेश, कॉन्फिडेंट और खूबसूरत अंदाज में देखा जाएगा।

# स्वयंभू के मेकर्स का बड़ा ऐलान! निकिल सिद्धार्थ स्टारर फिल्म 13 फरवरी को सिनेमाघरों में होगी रिलीज




एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री के कुछ बेहतरीन टेक्निशियन और क्रिएटर्स डायरेक्टर भरत कृष्णमाचारी, केजीएफ और सलार के म्यूजिक डायरेक्टर रवि बसरूर, बाहुबली और आरआरआर के सिनेमैटोग्राफर के.के. सेंटिल कुमार, बाहुबली के एडिटर तम्मिराजू और कई अन्य प्रतिभाशाली कलाकार, सब मिलकर इस बड़ी फिल्म को बना रहे हैं, जिसकी शूटिंग 170 दिनों तक चली। फिल्म को पिक्सल स्टूडियोज के भूवन और श्रीकर ने प्रोड्यूस किया है!

दिन की सबसे बड़े ऐलान का वक्त आ गया है, क्योंकि कार्तिकेय फ्रेंचाइज़ के पीछे चेहरा रहे निखिल सिद्धार्थ अब एक अलग ही अंदाज़ की ऐतिहासिक महागाथा स्वयंभू के साथ लौट रहे हैं। हम देखते हैं कि वो बिल्कुल शानदार और भव्य अंदाज़ में नज़र आ रहे हैं, और फिल्म का ऐलान भी एक रैप-अप वीडियो के ज़रिए किया गया है, जो किसी प्रोजेक्ट को पेश करने का सच में अनोखा तरीका है। इसमें फिल्म की भव्यता, दमदार एक्शन, शानदार स्टार कास्ट और एक आम आदमी की उस महाकथा की झलक मिलती है, जो आगे बढ़कर एक योद्धा बन जाता है।

निखिल, जिन्होंने पैन-इंडिया सुपरहिट कार्तिकेय 2 से पूरे देश में पहचान बनाई, अब अपनी महत्वाकांक्षी 20वीं फिल्म स्वयंभू के साथ फिर से दर्शकों को बांधने आ रहे हैं। बड़े पैमाने पर बन रही यह ऐतिहासिक एक्शन फिल्म भरत कृष्णमाचारि द्वारा निर्देशित है, और इसे भूवन और श्रीकर पिक्सेल स्टूडियोज के तहत बना रहे हैं, जबकि टैगोर मधु इसे पेश कर रहे हैं। बेहतरीन प्रोडक्शन वैल्यू और दमदार पैन-इंडिया सोच के साथ, स्वयंभू निखिल की अब तक की सबसे खास फिल्मों में से एक बन रही है।

आज मेकर्स ने बड़ा अपडेट दिया है, यह बताते हुए कि इस भव्य फिल्म का शूट आधिकारिक तौर पर पूरा हो चुका है। दो साल की मेहनत और 170 दिनों की लंबी शूटिंग के बाद, टीम ने गर्व के साथ इसकी समाप्ति की घोषणा की है। भारत के समृद्ध इतिहास और उसकी अनन्त शान को सलाम करने वाली यह एपिक फिल्म स्वयंभू इस महा शिवरात्रि यानी 13 फरवरी 2026 को दुनिया भर के थिएटर्स में रिलीज होने जा रही है।

इस अनुभव को चुनौती भरा और रोमांचक बताते हुए, निखिल ने राइज़ ऑफ़ स्वयंभू नाम के रिलीज़ डेट अनाउंसमेंट वीडियो में इस सफर के बारे में बात की, जिसमें दुनिया बनाने और फिल्म के भव्य निर्माण की झलक मिलती है। जो एक फिल्म के रूप में शुरू हुआ था, वह जल्दी ही एक बड़े विश्व में बदल गया, जिसे कई एकड़ में बने विशाल सेट्स और शानदार मेहनत से तैयार किया गया। करोड़ों की लागत और प्रोड्यूसर भूवन और श्रीकर की पूरी लगन के सहारे, टीम एक ही लक्ष्य लेकर आगे बढ़ी और वो थी इस अनोखी कहानी को बड़े पर्दे पर शानदार तरीके से पेश करना।

भारत की सांस्कृतिक विरासत से जुड़ी स्वयंभू उन कहानियों में जाती है जो अब तक कहीं नहीं बताई गईं, ऐसी बातें जो सिर्फ राजा-महाराजाओं और युद्धों की आम कहानियों से कहीं आगे बढ़ती हैं। इसके बीच में एक ऐसे जबरदस्त योद्धा की गाथा है, जिसकी बहादुरी ने एक पूरा समय बदल दिया।

वीडियो में निखिल अपने घोड़े मारुति को भी दिखाते हैं और बताते हैं कि उनकी बड़ी फिल्म बनाने में किस शानदार टीम ने मेहनत की है।

# बॉक्स ऑफिस पर बॉर्डर 2 का प्रदर्शन जारी, मर्दानी 3 का 7वें दिन निकला दम




सनी देओल की युद्ध ड्रामा फिल्म बॉर्डर 2 बॉक्स ऑफिर पर अपना पूरा जोर लगाती दिख रही है। यह भारत में 300 करोड़ के क्लब में शामिल होने के बेहद करीब पहुंच चुकी है। इसी के साथ सिनेमाघरों में रानी मुखर्जी की फिल्म मर्दानी 3 भी लगी हुई है, जो कछुए की चाल चलते-चलते अपना दम तोड़ने के बेहद करीब है। दोनों ही फिल्मों की ताजा कमाई के आंकड़े आ गए हैं। यहां जानिए किसने कितनी कमाई की है।सनी की फिल्म गदर 2 ने 300 करोड़ के क्लब में जगह बनाई थी, और अब उनकी हालिया रिलीज फिल्म बॉर्डर 2 यह कारनामा दिखाने के बेहद करीब है। सैकनिल्क के मुताबिक, इसने 14वें दिन 3.35 करोड़ रुपये का कारोबार किया है जिसके बाद भारतीय बॉक्स ऑफिस पर कुल कमाई 294.25 करोड़ रुपये हो चुकी है। फिल्म की कहानी 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध पर आधारित है जिसमें वरुण धवन, अहान शेट्टी और दिलजीत दोसांझ भी अहम किरदार में हैं।उधर 30 जनवरी को रिलीज फिल्म मर्दानी 3 एक हफ्ता भी खुद को संभाल नहीं पाई। कमाई धड़ाम से नीचे आ गई है। इसने 7वें दिन, यानी गुरुवार को महज 1.85 करोड़ कमाए हैं, जो छठे दिन 2.1 करोड़ रुपये के मुकाबले कम हैं।

# मृणाल ठाकुर और आदिवी शेष की 'डकैत' का टीजर रिलीज, अनुराग कश्यप का दिखा दमदार अंदाज




मृणाल ठाकुर और आदिवी शेष स्टारर मच अवेटेड 'डकैत' का टीजर आज रिलीज हो गया है। फैंस फिल्म का बड़ी ही बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं और टीजर देखने के बाद फैंस का उत्साह और भी बढ़ गया है। टीजर से फिल्म की कहानी और किरदारों के बारे में पता चलता है।'डकैत' का टीजर तो रिलीज हो गया है, लेकिन अभी ये टीजर सिर्फ 'तेलुगु' में रिलीज किया गया है। यानी हिंदी दर्शकों को अभी थोड़ा इंतजार करना पड़ सकता है। 1 मिनट 31 सेकंड के इस टीजर की शुरुआत आदिवी शेष से होती है। टीजर में पहले लव स्टोरी देखने को मिलती है, जो धीरे-धीरे एक्शन पर पहुंच जाती है। टीजर में आदिवी शेष लवर बॉय से लेकर एक्शन हीरो तक के अवतार में दिखते हैं। जबकि मृणाल ठाकुर एक बार फिर सुंदर लगी हैं। इसके अलावा टीजर में फिल्म की बाकी कास्ट अनुराग कश्यप, प्रकाश राज और अतुल कुलकर्णी की भी झलक दिखती है। टीजर का अंत अनुराग कश्यप पर होता है, जो फिल्म में निगेटिव रोल में नजर आएंगे।शनिल देव द्वारा निर्देशित यह फिल्म 19 मार्च 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है। 19 मार्च को 'धुरंधर' का पार्ट 2 और यश की 'टॉक्सिक' भी रिलीज होनी है। ऐसे में 'डकैत' की टक्कर दो बड़ी फिल्मों से होनी है। अब देखना ये है कि आने वाले वक्त में इनमें से किसी फिल्म की रिलीज डेट आगे बढ़ती है या नहीं।

# सनम तेरी कसम 2 का बनना तय, फैंस को फिर दिखेगी हर्षवर्धन राणे की दीवानगी




हर्षवर्धन राणे और पाकिस्तानी अभिनेत्री मावरा होकेन की फिल्म सनम तेरी कसम 2016 में रिलीज हुई थी जिसने लोगों की मिली-जुली प्रतिक्रिया हासिल की। 2025 में जब इसे दोबारा रिलीज किया गया तो इसने लोगों तहलका ही मचा दिया। सिर्फ 3 दिनों में करीब 15 करोड़ से ज्यादा कारोबार कर लिया। फैंस बेसब्री से इसके सीक्वल का इंतजार कर रहे हैं जिसके बनने की खबरें कई बार आईं, लेकिन निर्माता दीपक मुकुट ने सीक्वल की पुष्टि कर दी है।

सनम तेरी कसम 2 के 10 साल पूरे होने पर निर्माता ने इंस्टाग्राम पर लिखा, मुझे बचपन से फिल्म निर्माण में दिलचस्पी रही है। सबसे ज्यादा मुझे इस बात ने आकर्षित किया कि मैं एक निर्माता बनकर इसे साकार करने में मदद कर सकूं। सनम तेरी कसम के साथ मेरा यह सपना साकार हुआ। ईश्वर की कृपा, माता-पिता के आशीर्वाद से फिल्म रिलीज को 1 दशक पूरा हुआ, लेकिन कहानी यहीं खत्म नहीं होती। इसका एक रीबूट आने वाला है।

दीपक ने पोस्ट के जरिए सनम तेरी कसम की पूरी टीम को धन्यवाद दिया। साथ ही फिल्म के सह-निर्देशक राधिका राव और विनय सप्रू और संगीतकार हिमेश रेशमिया को आभार जताया। उधर सनम तेरी कसम 2 की आधिकारिक पुष्टि ने फैंस को उत्साहित कर दिया है।

# इशिका तोरिया को मिला बड़ा मौका, वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स ने किया साइन



भोजपुरी म्यूजिक इंडस्ट्री की अभिनेत्री और मॉडल इशिका तोरिया ने अपने करियर के सफर में एक नया मुकाम हासिल किया है। उन्हें इंडस्ट्री की जानी-मानी म्यूजिक कंपनी वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी ने एक्सक्लूसिव तौर पर साइन किया है। यह कदम उनके करियर के लिए बेहद अहम है। यह साइनिंग उनके लिए और कंपनी दोनों के लिए फायदे का सौदा साबित हो सकता है।

इशिका तोरिया ने अपने करियर की शुरुआत साल 2015 में एक बाल कलाकार के रूप में की थी। उन्होंने धीरे-धीरे इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाई और गुजराती फिल्म इंडस्ट्री में भी अपनी अलग छाप छोड़ी। इशिका ने दो गुजराती फिल्मों- लव नो भवाड़ो और 3 चक्करम में अभिनय किया। इसके अलावा, उन्होंने 80 से ज्यादा गुजराती म्यूजिक वीडियोज में काम किया और कुछ पंजाबी गानों में भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

अलग-अलग क्षेत्रों के काम ने उन्हें इंडस्ट्री में लोकप्रियता दिलाई। इशिका केवल फिल्मों और म्यूजिक वीडियोज तक सीमित नहीं रही। वह कई रैंप शोज और फैशन इवेंट्स का हिस्सा रह चुकी हैं, जहां उनके स्टाइल को लोगों ने काफी सराहा। उनके पास कला और फैशन दोनों का शानदार अनुभव है। इसी अनुभव के दम पर उन्होंने इंडस्ट्री में अलग पहचान बनाई है।

इशिका के अनुभव और मेहनत को देखते हुए वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के एमडी रत्नाकर कुमार ने कहा, इशिका तोरिया में टैलेंट, मेहनत और स्क्रीन प्रेजेंस का बेहतरीन कॉम्बिनेशन है। उन्होंने कम उम्र में इंडस्ट्री में लंबा सफर तय किया है। हमें पूरा भरोसा है कि वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के बैनर तले वह और भी बेहतरीन प्रोजेक्ट्स करेंगी और दर्शकों को पसंद आएंगी।

वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के साथ इस नई साझेदारी पर इशिका ने अपनी खुशी जाहिर की और कहा, वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स जैसी बड़ी और प्रतिष्ठित म्यूजिक कंपनी के साथ एक्सक्लूसिव तौर पर जुडऩा मेरे लिए गर्व की बात है। मैं रत्नाकर कुमार सर का दिल से धन्यवाद करती हूं, जिन्होंने मुझ पर भरोसा जताया। आने वाले समय में मैं दर्शकों के लिए कुछ खास और यादगार काम लेकर आऊंगी। भोजपुरी म्यूजिक इंडस्ट्री में इस साइनिंग को लेकर काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। इशिका तोरिया के नए म्यूजिक और एंटरटेनमेंट प्रोजेक्ट्स का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

# पीठ दर्द और कंधों की जकडऩ से हैं परेशान? उत्तानमंडूकासन से पाए आराम

लंबे समय तक मोबाइल या लैपटॉप पर काम करना, गलत पॉश्चर में बैठना और तनाव भरी दिनचर्या शरीर को धीरे-धीरे थका देती है। ऐसे में गर्दन के दर्द, कंधों की जकडऩ या पीठ में खिंचाव जैसी परेशानियां बढऩे लगती हैं। अगर आप भी इस तरह की किसी समस्या से परेशान हैं तो आपको नियमित रूप से उत्तानमंडूकासन करना चाहिए। योग केवल कुछ आसन करने का नाम नहीं है, बल्कि यह जीने की एक कला है, जो हमें अपने शरीर और मन दोनों के साथ संतुलन बनाना सिखाती है। नित्य योग के साथ अगर आप अपनी दिनचर्या को थोड़ा सा अनुशासित कर लें, तो इसका असर बहुत जल्दी महसूस होने लगता है। अगर आप अपने रोजाना के व्यायाम में उत्तानमंडूकासन को शामिल करते हैं, तो यह न सिर्फ शरीर को राहत देता है बल्कि अंदर से नई ऊर्जा भी भर देता है। उत्तानमंडूकासन खास तौर पर पीठ दर्द से जूझ रहे लोगों के लिए फायदेमंद माना जाता है, क्योंकि यह रीढ़ की हड्डी को खिंचाव देता है और जकडऩ को कम करने में मदद करता है। इसके नियमित अभ्यास से ग्रीवा यानी गर्दन से जुड़ी तकलीफों में भी राहत मिल सकती है जो आजकल लगभग हर उम्र के लोगों की समस्या बन चुकी है।



यह आसन कंधों के आसपास जमी हुई अकडऩ को धीरे-धीरे खोलता है, जिससे कंधे हल्के और मुक्त महसूस होते हैं। साथ ही, छाती का विस्तार होने से फेफड़ों की कार्यक्षमता बढ़ती है, जिससे सांस लेना सहज और गहरा हो जाता है। जब सांस बेहतर होती है, तो शरीर में ऑक्सीजन का प्रवाह भी अच्छा रहता है और थकान कम महसूस होती है। उत्तानमंडूकासन का एक और बड़ा फायदा यह है कि यह पाचन तंत्र पर भी सकारात्मक असर डालता है। पेट के अंगों पर हल्का दबाव पडऩे से पाचन क्रिया सक्रिय होती है और गैस, अपच जैसी समस्याओं में लाभ मिल सकता है।

# क्या आपका मस्कारा खराब हो गया है? इन 5 तरीकों से लगाएं पता



मस्कारा आंखों के मेकअप के लिए इस्तेमाल होने वाला उत्पाद है। इसे पलकों पर लगाया जाता है, जिससे वे लंबी और घनी हो जाती हैं। अगर यह खराब हो जाए तो इसका इस्तेमाल आंखों के लिए हानिकारक हो सकता है। हालांकि, यह पता लगाना थोड़ा मुश्किल होता है कि मस्कारा एक्सपायर हुआ है या सही है। आज के लेख में हम आपको 5 मेकअप टिप्स देंगे, जिनकी मदद से आप पता लगा सकेंगी कि मस्कारा खराब हुआ है या नहीं।

## दुर्गंध आना

आम तौर पर मस्कारा में कोई महक नहीं होती है। हालांकि, अगर आपको अपने मस्कारा से अजीब-सी गंध आ रही है तो समझ जाइए कि वह खराब हो गया है। नया और सही मस्कारा हमेशा कॉस्मेटिक जैसी गंध वाला होता है। वहीं, खराब मस्करा से बदबू आने लगती है। यह बदबू बैक्टीरिया के बढ़ने के कारण पैदा होती है। इसके अलावा ज्यादा उत्पाद एक जगह जमा होने से भी बदबू आ सकती है।

## जलन महसूस होना

अगर आप अपने खराब मस्कारा का इस्तेमाल करती हैं तो आपको आंखों में जलन या खुजली महसूस हो सकती है। खराब मस्कारा में बैक्टीरिया विकसित हो जाते हैं, जो आंखों की कोमल त्वचा को नुकसान पहुंचा सकते हैं। अगर आपको मस्करा लगाने के बाद आंखों में जलन या खुजली महसूस हो तो तुरंत उसे साफ कर लें और नया मस्कारा खरीद लें। ध्यान न देने पर आपको आखों का संक्रमण भी झेलना पड़ सकता है।

## स्थिरता बदलना

खराब मस्कारा की स्थिरता पर ध्यान देना भी अहम है। आम तौर पर मस्कारा की स्थिरता तरल, लेकिन थोड़ी ही गाढ़ी होती है। हालांकि, खराब या पुराना होने के बाद वह सूख जाता है और चिपचिपा हो जाता है। अगर आपका मस्कारा भी सूखा है तो समझ जाएं कि उसे फेंकने का समय आ गया है। इस तरह का मस्कारा न तो आपकी पलकों को लंबा कर पाएगा और न ही कोई वॉल्यूम जोड़ पाएगा।

## लगाने में परेशानी होना

अगर आपको मस्कारा लगाने में मुश्किल हो रही हो या वह ठीक से न लगे तो उसे इस्तेमाल करना बंद कर दें। यह भी एक संकेत हो सकता है कि आपका मस्करा खराब हो चुका है।

खराब मस्कारा पलकों पर सही तरीके से नहीं लगता और लगने पर तुरंत फैल जाता है। इसके अलावा कभी-कभी खराब मस्कारा से धुंधला प्रभाव भी पड़ सकता है या फिर पलकें चिपचिपी भी हो सकती हैं।

## समाप्ति तिथि देखें

जब भी आप नया मस्कारा खरीदने जाएं तो उसकी समाप्ति तिथि जरूर देखें। ज्यादातर मस्कारा पर समाप्ति तिथि लिखी होती है, जिसे पढ़कर आप यह जान सकती हैं कि वह कब तक सही रहेगा। इसके अलावा मस्कारा खरीदते समय उसकी पैकेजिंग और ब्रांड पर भी ध्यान दें, क्योंकि कुछ ब्रांड समाप्ति तिथि की जानकारी बहुत स्पष्ट तरीके से देते हैं। इन तरीकों से आप आसानी से जान सकती हैं कि आपकी मस्कारा खराब है या नहीं।

## बांग्लादेश में चुनाव से पहले पुलिस और प्रदर्शनकारियों में हिंसक झड़पें, दर्जनों घायल

### हादी समर्थकों ने यूनुस के आवास पर बोला धावा, तोड़े बैरिकेड्स



ढाका,(ए.)। बांग्लादेश की राजधानी ढाका में पुलिस और प्रदर्शनकारियों में हिंसक झड़पें हुईं, जिसमें करीब 40-50 लोग घायल हुए हैं। शुक्रवार को हजारों प्रदर्शनकारियों ने मोहम्मद यूनुस के सरकारी आवास पर धावा बोलने की कोशिश की। बांग्लादेश में आम चुनाव के ठीक छह दिन पहले अशांति में इजाफा हुआ है। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों से पता चलता है कि इंकलाब मंच ने छात्र नेता उस्मान शरीफ हादी के लिए न्याय की मांग को लेकर प्रदर्शन किया गया था।

बता दें हादी को 12 दिसम्बर 2025 को ढाका के पलटन इलाके में गोली मार दी गई थी, जब वह चुनाव प्रचार कर रहे थे। तीन दिन बाद हादी को एयरलिफ्ट करके सिंगापुर ले जाया गया था, लेकिन उनकी मौत हो गई। हादी की मौत के बाद बांग्लादेश में हिंसक घटनाओं की एक शृंखला शुरू हो गई थी। हादी के लिए न्याय की मांग को लेकर इंकलाब मंच ने शुक्रवार को शाहबाग चौराहे पर प्रदर्शन आयोजित किया था। प्रदर्शनकारी संयुक्त राष्ट्र की निगरानी में हत्या की जांच की मांग कर रहे थे। जब प्रदर्शनकारियों ने मोहम्मद यूनुस के सरकारी आवास जमुना की तरफ बढ़ने की कोशिश की जिसे पुलिस ने रोक दिया। अधिकारियों ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठी चार्ज, वॉटर कैनन और आंसू गैस का इस्तेमाल किया। यह टकराव 12 फरवरी को होने वाले चुनाव से ठीक एक सप्ताह पहले हुआ है। ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट से पता चलता है कि इन झड़पों के बाद करीब 50 लोगों को अस्पताल ले जाया गया। विरोध प्रदर्शनों पर सुरक्षाबलों की कार्रवाई के बाद अंतरिम सरकार ने एक बयान जारी किया और हादी की हत्या के मामले में न्याय सुनिश्चित करने का वादा दोहराया। यूनुस के प्रेस सेक्रेटरी शफीकुल आलम ने कहा कि सरकार हादी की हत्या की जांच के लिए संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त कार्यालय से जिम्मा लेने को कहेगी। उन्होंने कहा कि विरोध मार्च के दौरान सुरक्षा कर्मियों ने एक भी गोली नहीं चलाई। बयान में कहा गया है कि स्थिति तब बिगड़ी जब प्रदर्शनकारियों ने पुलिस बैरिकेड तोड़कर जमुना की तरफ बढ़ने की कोशिश की। प्रदर्शनकारी वॉटर कैनन पर चढ़ गए, जिसके बाद सुरक्षा एजेंसियों को स्थिति को नियंत्रण में लेने के लिए हस्तक्षेप करना पड़ा।

# देख ले अमेरिका, हम पीछे नहीं हटते; ईरान ने तैनात कर दी 'खोर्रमशहर-4' बैलिस्टिक मिसाइल, बताया इरादा

तेहरान/मस्कट(ए.)। मिडिल ईस्ट में अमेरिका और ईरान के बीच जारी तनाव कम होने के कोई संकेत फिलहाल नजर नहीं आ रहे हैं। ओमान की मध्यस्थता में होने वाली प्रस्तावित वार्ता से ठीक पहले ईरान ने ऐसा कदम उठाया है, जिससे वॉशिंगटन की चिंता बढ़ सकती है। ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने अपनी उन्नत बैलिस्टिक मिसाइल 'खोर्रमशहर-4' को एक सैन्य अड्डे पर तैनात कर दिया है।ईरान के सरकारी प्रसारक प्रेस टीवी के अनुसार, इस मिसाइल को आईआरजीसी एयरोस्पेस फोर्स से जुड़े एक नए सैन्य ठिकाने के उद्घाटन के दौरान प्रदर्शित किया गया। इसे ईरान की रक्षा रणनीति का अहम हिस्सा बनाए जाने के संकेत के रूप में देखा जा रहा है।आईआरजीसी के राजनीतिक मामलों के उप कमांडर ब्रिगेडियर जनरल यदोल्लाह जावानी ने कहा कि इस मिसाइल की तैनाती अमेरिका को स्पष्ट संदेश देने के लिए है कि ईरान अपनी रक्षा क्षमताओं से किसी भी कीमत पर पीछे नहीं हटेगा। अल-मयादीन को दिए साक्षात्कार में उन्होंने कहा कि ईरान युद्ध नहीं चाहता, लेकिन अगर किसी भी दुश्मन ने गलती की तो उसे करारा जवाब दिया जाएगा।

### 2000 किलोमीटर तक मारक क्षमता



रिपोर्ट के मुताबिक, 'खोर्रमशहर-4' मिसाइल की मारक क्षमता लगभग 2,000 किलोमीटर है और यह 1,500 किलोग्राम तक का वारहेड ले जाने में सक्षम है। सैन्य विशेषज्ञों का मानना है कि इस मिसाइल की तैनाती से क्षेत्रीय सुरक्षा हालात और ज्यादा संवेदनशील हो सकते हैं।

### ओमान में होगी परमाणु वार्ता

इस बीच, उप कमांडर जावानी ने दावा किया कि ईरानी प्रतिनिधिमंडल ओमान में अमेरिका के साथ होने वाली बातचीत में पूरे आत्मविश्वास के साथ शामिल होगा। जानकारी के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची परमाणु मुद्दे पर बातचीत के लिए ओमान की राजधानी मस्कट पहुंच चुके हैं।

गौरतलब है कि अमेरिका और ईरान के बीच पिछले साल जून में बातचीत उस समय टूट गई थी, जब इजराइल ने तेहरान पर हमला किया था।

इसके बाद दोनों देशों के बीच करीब 12 दिनों तक चले संघर्ष में अमेरिका ने भी ईरान के परमाणु ठिकानों को निशाना बनाया था। वहीं, इजराइली हमलों में ईरान की वायु रक्षा प्रणाली और बैलिस्टिक मिसाइल ढांचे को नुकसान पहुंचा था।

## आसिम मुनीर ने दिया था 'गजवा-ए-हिंद' का नारा, ऑपरेशन सिंदूर पर जैश आंतकी का बड़ा कबूलनामा

नई दिल्ली(ए.)। आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के एक शीर्ष कमांडर ने ऑपरेशन 'सिंदूर' को लेकर सनसनीखेज दावा किया है। जैश के वरिष्ठ आतंकी इलियास कश्मीरी ने कथित तौर पर कहा है कि पाकिस्तानी सेना के शीर्ष नेतृत्व ने आतंकियों को इस संघर्ष को 'गजवा-ए-हिंद' के रूप में प्रस्तुत किया था।सूत्रों के मुताबिक, पांच फरवरी को पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के रावलकोट में आयोजित एक गुप्त बैठक के दौरान इलियास कश्मीरी ने जैश के आतंकियों के सामने यह बयान दिया। इस बैठक का उद्देश्य संगठन में नए भर्ती किए गए आतंकियों को उकसाना और उन्हें हिंसक गतिविधियों के लिए प्रेरित करना बताया जा रहा है।युद्ध का धार्मिक रंग देने का आरोप इलियास कश्मीरी ने अपने भाषण में दावा किया कि जैसे ही हालात सैन्य टकराव की ओर बढ़े और हथियारों की तैनाती हुई, उसी समय इसे धार्मिक युद्ध का रूप दे दिया गया। उसने कहा कि लड़ाकू विमान, टैंक और सैन्य संसाधनों की तैनाती के बीच इस अभियान को 'गजवात-उल-हिंद' और 'बुनयान-अल-मरसूस' जैसे शब्दों से जोड़ा गया।

# अफगानिस्तान गया था हमलावर, नमाजियों को मारने वाले धर्म और देश के दुश्मन



-पाकिस्तान रक्षा मंत्री आसिफ ने कहा- शहबाज सरकार हमले का सख्ती से जवाब देगी

इस्लामाबाद,(ए)। पाकिस्तान की शहबाज सरकार ने शुक्रवार को हुए इस्लामाबाद में आत्मघाती हमले का सख्ती से जवाब देने की बात कही है। पाकिस्तान ने इस हमले के लिए अफगानिस्तान की तालिबान सरकार को जिम्मेदार बताया है। शुक्रवार को इस्लामाबाद की एक शिया मस्जिद में आत्मघाती हमलावर ने खुद को उड़ा लिया था। इस हमले में कम से कम 31 लोग मारे गए थे और करीब 169 लोग घायल हुए हैं। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा है कि शहबाज सरकार इस हमले का सख्ती से जवाब देगी।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक रक्षामंत्री आसिफ ने हमले के लिए अफगान तालिबान को निशाने पर लिया और कहा कि हमले में शामिल आतंकवादी पहले अफगानिस्तान गया था। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर आसिफ ने लिखा, यह साबित हो गया है कि हमले में शामिल आतंकवादी ने अफगानिस्तान की यात्रा की थी। आसिफ ने कहा कि मस्जिद में नमाजियों को मारने वाले धर्म और देश के दुश्मन थे। उन्होंने बताया कि सुरक्षाबलों ने हमलावर का सामना किया, जिसके बाद उसने नमाजियों की आखिरि लाइन में खुद को उड़ा लिया।आसिफ ने बिना किसी सबूत के भारत का नाम भी इस आत्मघाती हमले से जोड़ने की कोशिश की और कहा कि भारत और अफगनिस्तान के बीच मिलीभगत का पर्दाफाश हो रहा है। इसके साथ ही आसिफ ने अफगानिस्तान में तालिबान सरकार के साथ किसी भी बातचीत से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को अफगानिस्तान के अंदर आतंकवादी कैंपों को खत्म करना होगा और सरकार इस हमले का पूरी ताकत से जवाब देगी। धमाके की भारत ने निंदा की है और लोगों की मौत पर दुख जताया है। भारत ने ख्वाजा आसिफ के दुष्प्रचार को भी खारिज कर दिया।

## ब्रिटेन की अदालत ने नीरव मोदी की याचिका खारिज की, बैंक ऑफ इंडिया का मुकदमा तय समय पर चलेगा

लंदन,(ए.)। लंदन हाईकोर्ट ने हीरा कारोबारी नीरव मोदी को बड़ा झटका देते हुए बैंक ऑफ इंडिया (बीओआई) के बकाया ऋण से जुड़े मुकदमें को स्थगित करने की उसकी याचिका खारिज कर दी है। भगोड़े नीरव मोदी ने दृष्टिहीनता, अवसाद और जेल की परिस्थितियों का हवाला देते हुए सुनवाई टालने की मांग की थी, लेकिन अदालत ने इसे स्वीकार नहीं किया।

यहां बताते चलें कि 54 वर्षीय नीरव मोदी पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) से जुड़े करीब दो अरब अमेरिकी डॉलर के धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में भारत प्रत्यर्पण का सामना कर रहा है। वह उत्तरी लंदन की एचएमपी पेंटनविले जेल में बंद है और बैंक ऑफ इंडिया के लगभग 80 करोड़ अमेरिकी डॉलर के अलग मामले में वीडियो लिंक के जरिए मुकदमा-पूर्व समीक्षा के लिए पेश हुआ। मामले की सुनवाई कर रहे जस्टिस साइमन टिंकलर ने कहा कि नीरव मोदी को मुकदमे में किसी तरह की महत्वपूर्ण क्षति नहीं होगी और 23 मार्च से शुरू होने वाले आठ दिवसीय ट्रायल में उसे समान अवसर मिलेंगे। अदालत ने टिप्पणी की कि यह याचिका देरी की रणनीति का हिस्सा प्रतीत होती है।

नीरव मोदी की ओर से बैरिस्टर जेम्स किनमैन ने दलील दी कि दक्षिण लंदन की एचएमपी थेम्साइड जेल से स्थानांतरण के बाद उसे कानूनी दस्तावेजों तक पर्याप्त पहुंच नहीं मिल पाई।

# खेल समाचार

# ICC ने मोड़ा मुंह, BCCI ने खोला खजाना; 19 चैंपियंस के लिए करोड़ों के इनाम का ऐलान

हरारे (ए.)। जूनियर क्रिकेट में भारत का डंका एक बार फिर पूरी दुनिया में बज गया है। आयुष म्हात्रे की कप्तानी वाली भारतीय टीम ने जिम्बाब्वे की धरती पर इतिहास रचते हुए अंडर-19 वर्ल्ड कप 2026 का खिताब अपने नाम कर लिया है। शुक्रवार को हरारे में खेले गए फाइनल मुकाबले में भारत ने इंग्लैंड को 100 रनों के विशाल अंतर से हराकर रिकॉर्ड छठी बार वर्ल्ड चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। इस ऐतिहासिक जीत के तुरंत बाद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) ने अपना दिलदार अंदाज दिखाते हुए जूनियर टीम के लिए खजाने का मुंह खोल दिया है। बोर्ड सचिव देवजीत सैकिया ने टीम के शानदार प्रदर्शन से खुश होकर पूरी टीम के लिए 7.5 करोड़ रुपये के नकद इनाम का ऐलान किया है।

### ICC ने नहीं दिया इनाम, लेकिन BCCI ने कर दी धनवर्षा

अंडर-19 स्तर पर आईसीसी की पॉलिसी के तहत वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम को कोई आर्थिक पुरस्कार नहीं दिया जाता, क्योंकि इसे खिलाड़ियों के विकास के तौर पर देखा जाता है। टीम इंडिया के खिलाड़ी



सिर्फ मेडल और ट्रॉफी लेकर लौटे, लेकिन बीसीसीआई ने उनकी मेहनत का पूरा सम्मान किया। खिताबी जीत के अगले दिन यानी शनिवार 7 फरवरी को बोर्ड ने अपनी परंपरा को निभाते हुए इस बंपर इनाम की घोषणा की। यह अंडर-19 स्तर पर बीसीसीआई द्वारा दी गई अब तक की सबसे बड़ी इनामी राशि है। इससे पहले 2025 में अंडर-19 महिला टी20 वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम को बोर्ड ने 5 करोड़ रुपये दिए थे।

### 14 साल के वैभव सूर्यवंशी ने लिखी जीत की पटकथा

फाइनल मुकाबले में जीत के असली हीरो बिहार के 14 वर्षीय युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी रहे। पूरे टूर्नामेंट में तीन बार शतक से चूकने वाले वैभव ने सबसे बड़े मंच पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उन्होंने फाइनल में इंग्लैंड के गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाते हुए महज 80 गेंदों में 175 रनों की अविश्वसनीय पारी खेली, जिसमें 15 चौके और 15 गगनचुंबी छक्के शामिल थे। वैभव की इस रिकॉर्डतोड़ पारी की बदौलत भारत ने बोर्ड पर 411 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाब में इंग्लैंड की टीम कैलब फॉल्कनर के शतक के बावजूद दबाव में बिखर गई और 311 रनों पर ढेर हो गई। वैभव को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' और पूरे टूर्नामेंट में 439 रन बनाने के लिए 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' भी चुना गया।

## टी20 वर्ल्ड कप 2026: टूर्नामेंट के पहले ही मैच में पाकिस्तान हारने से बाल बाल बचा, तीन विकेट से मिली जीत

नईदिल्ली,(ए.)। टी20 वर्ल्ड कप 2026 के पहले ही मैच में फहीम अशरफ ने पाकिस्तान को शर्मनाक हार से बचा लिया. जब आठवें नंबर पर बल्लेबाजी करने आए फहीम अशरफ ने 19वें ओवर में 24 रन जड़कर मैच को पाकिस्तान की झोली में डाल दिया. क्योंकि उस समय पाकिस्तान को 2 ओवर में 29 रनों की जरूरत थी और उसके पास केवल 2 विकेट ही हाथ में थे. लेकिन फहीम अशरफ ने 11 गेंदों में 29 रनों की पारी खेलकर पाकिस्तान को हारा हुआ मैच जीता दिया.

इस पारी की वजह से पाकिस्तान 19.3 ओवर में 148 रनों का लक्ष्य किसी तरह से हासिल करने में सफल हो गई. कोलंबो में खेले गए टूर्नामेंट के पहले मैच में नीदरलैंड्स की टीम टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.5 ओवर में 147 रन पर ऑलआउट हो गई थी.

## वैभव सूर्यवंशी ने अंडर-19 वर्ल्ड कप फाइनल में तोड़े तीन बड़े रिकॉर्ड

नईदिल्ली,(ए)। अंडर-19 वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल में भारत ने इंग्लैंड को 100 रनों से मात देकर छठी बार खिताब अपने नाम कर लिया है. जिम्बाब्वे के हरारे क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इस खिताबी मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने वैभव सूर्यवंशी के 175 रनों की पारी की बदौलत इंग्लैंड के सामने 411 रनों का विशाल लक्ष्य रखा और फिर विरोधी टीम को 40.2 ओवर में 311 रन पर समेटकर मैच अपने नाम कर लिया.वैभव सूर्यवंशी ने 80 गेंदों में 175 रनों की शानदार पारी खेली, जिसमें 15 चौके और 15 छक्के शामिल थे. इस तूफानी पारी के दौरान, वैभव ने तीन बड़े रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिए. वो अब अंडर 19 में सबसे तेज 150 रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए. इसके अलावा उन्होंने इस टूर्नामेंट की एक पारी में सबसे ज्यादा छक्के मारने का भी रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है. तीसरा रिकॉर्ड ये कि वो अंडर-19 वर्ल्ड कप फाइनल में सबसे तेज शतक जड़ने वाले बल्लेबाज भी बन गए.भारतीय ओपनर वैभव ने 71 गेंदों में 150 रन बनाए और इसी मैदान पर चल रहे अंडर-19 वर्ल्ड कप में इंग्लैंड के बेन मेयस के स्कॉटलैंड के खिलाफ बनाए गए रिकॉर्ड को तोड़ दिया. इस सीजन की शुरुआत में, सूर्यवंशी ने विजय हजारे ट्रॉफी 2025/26 में सबसे तेज लिस्ट ए में 150 रन मात्र 59 गेंदों में बनाए थे.

## टी20 वर्ल्ड कप 2026: भारत को लगा बड़ा झटका, हर्षित राणा टूर्नामेंट से बाहर, इस खिलाड़ी को मिला मौका

मुंबई,(ए.)। टीम इंडिया के बॉलिंग बैलेंस को एक बड़ा झटका लगा है, उनके फ्रंटलाइन तेज ऑलराउंडर हर्षित राणा टी20 वर्ल्ड कप से बाहर हो गए हैं. उन्हें यह चोट साउथ अफ्रीका के खिलाफ वार्म-अप मैच के दौरान लगी थी. मोहम्मद सिराज को उनकी जगहा टीम में शामिल किया गया हैं. बीसीसीआई ने भी अब इसकी पुष्टि कर दी है. यह सब मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में यूएसए के खिलाफ भारत के पहले टी20 वर्ल्ड कप मैच से ठीक एक दिन पहले हुआ.

रिपोर्ट के अनुसार घुटने की चोट के कारण हर्षित राणा को मैदान पर लंगड़ाते हुए देघा गया और वह अपना रन-अप पूरा नहीं कर पा रहे थे और एक ही ओवर में दो बार अपनी डिलीवरी स्ट्राइड से पीछे हटना पड़ा. आखिरकार उन्हें तेज दर्द के कारण मैदान छोड़ना पड़ा, जिससे वार्म-अप मैच में उनकी भागीदारी बीच में ही खत्म हो गई. वह मैच में सिर्फ एक ओवर फेंक पाए, जिसमें उन्होंने 16 रन दिए. कप्तान सूर्यकुमार यादव ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में संकेत दिया था कि राणा का स्कैन हो रहा है लेकिन वो फिट नहीं दिख रहे हैं.

राणा की जगह बीसीसीआई ने मोहम्मद सिराज को टीम में शामिल किया है. उनको पहले वर्कलोड मैनेजमेंट के मुद्दों के कारण शुरूआती टीम में शामिल नहीं किया गया था, उस समय सिराज रणजी ट्रॉफी में हैदराबाद के लिए घरेलू क्रिकेट खेल रहे थे, छत्तीसगढ़ के खिलाफ उनका सबसे हालिया मैच 1 फरवरी को खत्म हुआ था. उन्हें रणजी ट्रॉफी के लिए हैदराबाद का कप्तान नियुक्त किया गया था और हाल ही में उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे में भारत का प्रतिनिधित्व किया था.

# बॉक्सम एलीट इंटरनेशनल 2026 : भारत के 12 मुक्केबाज़ फाइनल में

## सबसे अधिक प्रतिनिधित्व वाला देश बना भारत



ला नुसिया(ए.)। स्पेन के ला नुसिया में आयोजित बॉक्सम एलीट इंटरनेशनल 2026 में भारतीय मुक्केबाज़ों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टूर्नामेंट के आखिरी दिन 12 फाइनल स्थान अपने नाम किए। इनमें आठ महिलाएँ और चार पुरुष शामिल हैं, जिन्होंने अलग-अलग वेट कैटेगरी में प्रभावशाली जीत दर्ज की और भारत को मेडल टेबल पर शीर्ष दावेदार में ला खड़ा किया। पुरुष वर्ग में सचिन (60 किग्रा) ने इंग्लैंड के जैक ड्राइडन को हराकर लगातार दूसरी बड़ी जीत हासिल की। उनके बेहतरीन फॉर्म ने भारत को मजबूत शुरुआत दी। वहीं महिलाओं में ओलंपिक मेडलिस्ट लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) ने वेल्स की रोज़ी एक्लेस के खिलाफ सर्वसम्मत निर्णय से जीत दर्ज करते हुए फाइनल में जगह बनाई।

20 देशों के 200 से अधिक बॉक्सरों की भागीदारी वाले इस इवेंट में शनिवार के फाइनल में भारत 12 खिलाड़ियों के साथ सबसे अधिक प्रतिनिधित्व वाला देश है। इस मामले में भारत कजाकिस्तान (11), यूक्रेन (5) और मेजबान स्पेन (4) से आगे है। भारत ने कम से कम एक गोल्ड मेडल पक्का कर लिया है, क्योंकि महिला 54 किग्रा वर्ग का फाइनल पूरी तरह भारतीय मुक्केबाज़ों प्रीति और पूनम के बीच खेला जाएगा।

महिला वर्ग में भारत का दबदबा पूरे सेशन में देखने को मिला। मंजू रानी (48 किग्रा), नीतू (51 किग्रा), प्रिया (60 किग्रा), अरुंधति चौधरी (70 किग्रा) और नैना (80 किग्रा) सभी ने सेमीफाइनल मुकाबले जीतकर शीर्ष मुकाबले में प्रवेश किया। यह प्रदर्शन महिला मुक्केबाज़ी में भारत की गहराई और निरंतरता का संकेत है। वहीं पुरुषों में दीपक (70 किग्रा), आकाश (75 किग्रा) और अंकुश (80 किग्रा) ने भी फाइनल में प्रवेश किया। दीपक ने कजाकिस्तान के नुरबेक मुरसल को पहले ही राउंड में आरएससी से हराकर दिन का सबसे प्रभावशाली प्रदर्शन किया। आकाश और अंकुश ने कठिन कजाख प्रतिद्वंद्वियों को मात देकर स्वर्ण मुकाबले में जगह बनाई।भारत के कई मुक्केबाज़ सेमीफाइनल में हारकर कांस्य पदक के साथ पोडियम पर पहुंचे। महिलाओं में प्रांजल यादव (65 किग्रा), काजल (65 किग्रा), सनामचा चानू (75 किग्रा) और मनकीरत कौर (80 किग्रा) ने ब्रॉन्ज जीता। पुरुष वर्ग में जदुमणि सिंह (55 किग्रा), मोहम्मद हुसाम उद्दीन (60 किग्रा) और हितेश गुलिया (70 किग्रा) ने भी कांस्य पदक हासिल किया। भारत का यह प्रदर्शन आगामी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों के लिए मजबूत संकेत देता है, जहां भारतीय मुक्केबाज़ों की चुनौती और भी दमदार दिखाई देगी।

## गावस्कर का पाकिस्तान पर निशाना: कहा - पहल हमेशा भारत ने की, जवाब कभी नहीं मिला

नई दिल्ली (ए)। टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत-पाकिस्तान मैच के बहिष्कार को लेकर जारी विवाद के बीच भारतीय क्रिकेट के दिग्गज सुनील गावस्कर ने पाकिस्तान पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने साफ कहा कि पाकिस्तान हमेशा भारत से दोस्ताना कदम बढ़ाने की उम्मीद करता है, लेकिन ऐसा कोई सकारात्मक रुख पाकिस्तान की ओर से कभी दिखाई नहीं दिया।

गावस्कर ने 2008 के आईपीएल का उदाहरण देते हुए कहा कि लीग की शुरुआत में लगभग हर फ्रेंचाइजी में पाकिस्तानी खिलाड़ी मौजूद थे और कई पाकिस्तानी कमेंटेटर्स को भी भारत में काम करने का मौका मिला। उनके मुताबिक, भारत ने तब भी रिश्ता सुधारने की पहल की थी, जबकि पाकिस्तान की ओर से वैसी भावना कभी नजर नहीं आई, यहां तक कि तब भी जब दोनों देशों के रिश्तों में आज जैसी तल्खियां नहीं थीं। उन्होंने सिर्फ क्रिकेट ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक आदान-प्रदान का मुद्दा भी उठाया और पूछा कि कितने भारतीय कलाकारों या गायकों को पाकिस्तानी फिल्मों में काम करने का मौका मिला। गावस्कर ने कहा कि भारत हमेशा पहला कदम उठाता है और किसी तरह की "बुलींग"नहीं कर रहा, बल्कि अपनी राह पर चलता रहा है।

### रहाणे की बड़ी भविष्यवाणी

## टीम इंडिया टी-20 वर्ल्ड कप में रचेगी 300 रन का इतिहास

नई दिल्ली (ए.)। भारतीय क्रिकेट के अनुभवी बल्लेबाज़ अजिंक्य रहाणे ने आगामी टी20 वर्ल्ड कप को लेकर एक साहसिक दावा किया है। उनका मानना है कि मौजूदा भारतीय टीम वह ताकत और आक्रामकता रखती है, जो इस टूर्नामेंट में पहली बार 300 रन का आंकड़ा पार कर सकती है। कप्तान सूर्यकुमार यादव की अगुवाई में भारत अपने खिताब बचाव अभियान की शुरुआत यूएसए के खिलाफ करेगा, और रहाणे के अनुसार यही टीम इतिहास रचने की मजबूत दावेदार है।

एक सोशल मीडिया प्रश्नोत्तर सत्र में जब रहाणे से पूछा गया कि क्या कोई टीम टी20 वर्ल्ड कप में 300 रन बना सकती है, तो उन्होंने बिना झिझक भारत का नाम लिया। उनकी नजर में मौजूदा स्क्वाड में गहराई, क्षमता और आक्रामक मानसिकता है, जो इस उपलब्धि को संभव बना सकती है। उन्होंने कहा कि टीम इंडिया की आधुनिक टी20 अप्रोच और बेखौफ बल्लेबाज़ी उन्हें इस रिकॉर्ड के बेहद करीब ले जा चुकी है।

सूर्यकुमार यादव की कप्तानी शैली, जिसे 'स्काईबॉलद्य' के नाम से जाना जा रहा है, भारतीय बल्लेबाज़ी की आक्रामक पहचान बन गई है। टूर्नामेंट में भारत अब तक सैकड़ों छक्के लगा चुका है और टीम के शीर्ष सात बल्लेबाज़ों का स्ट्राइक रेट भी शानदार रहा है। रहाणे का मानना है कि अगर भारतीय बल्लेबाज़ अपनी लय में रहे, तो 300 रन का आंकड़ा भी पहुंच से बाहर नहीं है।

## -सामाजिक सरोकार-

# प्रेरणा कॉन्वेंट इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल परिवार की अनूठी पहल

## सेवा और समर्पण के साथ मां नर्मदा के तटपर किया भोजन वितरण
## 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के विदाई समारोह में दिखी संस्कार की झलक









नर्मदापुरम (निप्र)। प्रेरणा कॉन्वेंट इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा 12 वीं के छात्र.छात्राओं का विदाई समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती पूजन तथा दीप प्रज्वलन से हुई । कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्राचार्य श्रीमती विनीता तिवारी ने की। विद्यालय की संचालक श्रीमती समर्पिता सोनी ने कक्षा 12 वीं के छात्र-छात्राओं द्वारा सेवा और समर्पण का भाव लिए भोजन वितरण कार्यक्रम करवाया जो कि मानवता की ओर एक नई पहल है। यह कार्यक्रम नर्मदापुरम के प्रसिद्ध सेठानी घाट पर श्रद्धालुओं परिक्रमावासियों और गरीबों के लिए भोजन का वितरण एक पुनीत कार्य विद्यालय परिवार की ओर से किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य गरीबों या भूखे को भोजन खिलाना न केवल एक अच्छी पहल बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी है जो हृदय और आत्मा को गहराई से छू जाती है। इससे मिलने वाली खुशी अतुलनीय है जो किसी भी भौतिक सुख से नहीं यह अनुभव अंतरात्मा को पूर्णता प्रदान करती है। विदाई समारोह के उपलक्ष्य पर बच्चों द्वारा किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रम अत्यंत मनोहारी एवं सराहनीय रहे। भाषणों के माध्यम से यादों को ताजा किया गया और आगामी परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दी गई।

कार्यक्रम में मेघा ठाकुर, प्रिया चौरे कामाक्षी दुबे रीना गौर नेहा ठाकुर सुधा सराठे प्रियंका जोशी अपर्णा श्रीवास्तव अजहर कुरैशी शंभू सिंह राजपूत राहुल अग्रवाल राजेंद्र चौधरी यशवंत आंकरे श्रीकांत भाग्यम प्रियंका डाबर सुचित्रा बाथरी कौशिकी दुबे निधि मालवीय, उर्वशी थापक, रश्मि मालवीय सुनीता सोनवाने रोशनी सोलंकी मनीषा गौर अभिलाषा चौहान भूमिका चौरे प्रीति मांझी मुस्कान चौधरी परिवार के सभी सदस्य मौजूद रहे। संस्था के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने बच्चों का मार्गदर्शन किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## सतपुड़ा टाईगर रिजर्व के जंगल में महिला का अर्धनग्न शव मिला

### महिला की सिर कुचल कर हत्या व दुष्कर्म की आशंका



नर्मदापुरम (निप्र)। जिले में हत्याओं की संख्या बढ़ती जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के पिपरिया बफर क्षेत्र में डोकरीखेड़ा डेम के पास शनिवार को लगभग 35 साल की एक महिला का अर्धनग्न हालत में शव बरामद हुआ है। पुलिस का ऐसा मानना है कि महिला का सिर कुचलाकर फेंका गया। नीचे के कमर तक का हिस्सा खुला मिला। साड़ी से सिर ढंका मिला है। प्रथम दृष्ट्रया ऐसा लग रहा है कि महिल के साथ दुष्कर्म करने के साथ ही उसकी निर्मम हत्या की गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## महाशिवरात्रि मेला : प्रशासनिक व्यवस्थाओं के बीच श्रद्धा शिखर चौरागढ़ महादेव मंदिर पर उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब

### मेले की व्यवस्था की कमान संभाले पूरी प्रशासनिक टीम मुस्तैद



नर्मदापुरम (निप्र)। पचमढ़ी महादेव मेले के दूसरे दिन भी पचमढ़ी में भक्तों की अपार भीड़ उमड़ी। ऊंची-ऊंची चढ़ाई और दुर्गम मार्ग भी श्रद्धालुओं के उत्साह और अटूट विश्वास को डिगा नहीं पा रहे हैं। भगवान भोलेनाथ के प्रति गहन आस्था रखते हुए श्रद्धालु बड़े एवं भारी त्रिशूल लेकर कठिन और लंबा रास्ता तय कर चौरागढ़ मंदिर में दर्शन करने पहुंच रहे हैं। कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार संपूर्ण प्रशासनिक अमला मेले में तैनात रहकर श्रद्धालुओं की सहायता में जुटा है। स्वास्थ्य, आपदा प्रबंधन, स्वच्छता, भोजन की गुणवत्ता से लेकर मार्गदर्शन तक सभी व्यवस्थाएं सतत रूप से सुनिश्चित की जा रही हैं।मेले की व्यवस्थाओं का वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हिमांशु जैन एवं पिपरिया एसडीएम आकिप खान ने मुख्य मंदिर स्थल चौडेश्वर महादेव पहुंचकर मार्ग का जायजा लिया। इस दौरान सीईओ श्री जैन ने श्रद्धालुओं से संवाद कर व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी भी ली।कलेक्टर के निर्देशों के परिपालन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा चौरागढ़ मार्ग पर संचालित खाद्य दुकानों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों की वैधता, गुणवत्ता और साफ-सफाई की जांच की गई। दुकान संचालकों को स्वच्छता बनाए रखने हेतु आवश्यक निर्देश भी दिए गए।इसी प्रकार क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्रीमती रिंकू शर्मा द्वारा मेले के विभिन्न पॉइंट्स पर पहुंचकर वाहनों की जांच की गई। अनधिकृत रूप से प्रवेश करने वाले वाहनों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई। साथ ही बिना पंजीयन एवं बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वालों को समझाइश देकर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रशासन द्वारा हर संभव इंतजाम किए गए हैं। नगर पालिका द्वारा फायर ब्रिगेड के माध्यम से मार्गों पर पानी का छिड़काव किया जा रहा है, जिससे धूल की समस्या से राहत मिले और यात्रियों को सुगम आवागमन मिल सके। लोक निर्माण विभाग द्वारा मार्गों के खराब शोल्डर को मुरम-बजरी से दुरुस्त किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की टीम निर्धारित स्थानों पर आवश्यक चिकित्सा सेवाएं प्रदान कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक कुल 360 वाहनों को परमिट जारी किए जा चुके हैं।आपदा प्रबंधन के तहत होमगार्ड एवं एसडीईआरएफ की टीम लगातार तैनात है। प्रवेश द्वार के ऊपर सीढ़ियों से गिरने के कारण घायल हुए पुरुषोत्तम पिता मार्कण्डेय, निवासी टुंडा, जिला यवतमाल (महाराष्ट्र) को टीम द्वारा तत्काल डीपी पॉइंट लाया गया, जहां से एसडीईआरएफ वाहन से अस्पताल भेजा गया।

## मुख्यमंत्री निकाह सम्मेलन आज, 60 जोड़ों का होगा निकाह

नर्मदापुरम (निप्र)। मुख्यमंत्री निकाह सम्मेलन का आयोजन रविवार सुबह 10 बजे से न्यू मिल्लत वेलफेयर सोसाइटी के सहयोग और नगर पालिका परिषद नर्मदापुरम के संयोजन से होगा। जिसमें 60 जोड़े निकाह की रस्म अदा करते हुए निकाह कबूल करेंगे। निकाह सम्मेलन शहर काजी अशफाक अली की निगरानी में संपन्न होगा। प्रोग्राम भोपाल मार्ग स्थित श्रीकुंज गार्डन में होगा। समिति अध्यक्ष अलीम राइन ओर भाजपा के पूर्व अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष अमीन राइन ने बताया कि प्रोग्राम में नगर परिषद ओर जिला प्रशासन का पूरा सहयोग मिल रहा है। श्री राइन ने बताया कि निकाह सम्मेलन को सफलता पूर्वक पूर्ण कराने के लिए शहर की सभी कमेटियां सहयोग कर रही है। व्यवस्थाओं को लेकर एक मीटिंग भी रखी गई जिसमें सभी कमेटियों को अपनी अपनी जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## पं रामलाल शर्मा स्मृति समारोह समिति की बैठक आज


नर्मदापुरम (निप्र)। पं रामलाल शर्मा स्मृति समारोह के सचिव प्रशांत मुन्नू दुबे ने बताया कि नर्मदा महाविद्यालय के संस्थापक शिक्षाविद पं रामलाल शर्मा जी की पुण्य स्मृति में विगत 47 वर्षों से परम्परागत रूप से सेठानी घाट पर मार्च माह में पांच दिवसीय प्रवचन प्रसंग आयोजित किया जाता है। जिसके तारतम्य में इस वर्ष के आयोजन की रूप रेखा और तैयारियों हेतु वार्षिक बैठक आज 8 फरवरी रविवार को सायंकाल ठीक 7 बजे से लक्ष्मीविलास जगदीशपुरा में आयोजित होगी। पं रामलाल शर्मा स्मृति समारोह का यह 48 वां वर्ष है ।

## जीत सिंह सिसोदिया बने सर्व सम्मती से वार्ड अध्यक्ष

नर्मदापुरम (निप्र)। नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा वार्ड कमेटी के पुनर्गठन के लिए वार्ड स्तर पर बैठक आयोजित कर वार्ड कमेटी का गठन किया जा रहा है इसी कड़ी में आज ग्वालटोली में वार्ड 32 की बैठक आयोजित की गई बैठक में जीत सिंह सिसोदिया को सर्व सम्मती से वार्ड अध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर अनोखी राजोरिया धर्मेन्द्र तिवारी महेश पाण्डेय मिथिलेश दुबे शारदा मालवीय सुनीता राजपूत प्रेमा मालवीय यासीन खान अजय बैठे रेहान मिर्जा कैलाश मांझी समीर कुरैशी कृष्ण कुमार सहित अन्य कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## इटारसी में रेलिंग तोड़कर नहर में गिरी तेज रफ्तार कार, तीन युवकों की मौत





इटारसी, (निप्र)। मध्य प्रदेश के इटारसी-पथरोटा मार्ग पर शुक्रवार देर रात तेज रफ्तार कार नहर में गिरने से तीन युवकों की पानी में डूबने से मौत हो गई।जानकारी के अनुसार, तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पथरोटा की बड़ी नहर की पुलिया की रेलिंग तोड़ती हुई सीधे गहरे पानी में जा गिरी। कार में सवार तीनों युवक बाहर निकलने के लिए संघर्ष करते रहे, लेकिन कुछ ही मिनटों में कार पूरी तरह पानी में डूब गई।मृतकों की पहचान रैसलपुर निवासी लकी पटेल (30) पुत्र भवानी शंकर पटेल, शिवम तिवारी (26) पुत्र महेश तिवारी, निवासी खीर पानी और अभय उर्फ अभि चौहान (19) पुत्र राकेश चौहान, निवासी जय प्रकाश नगर, पुरानी इटारसी के रूप में हुई है। कार लकी पटेल चला रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, इटारसी की ओर से आ रही ग्रे रंग की कार अचानक पुल पर अनियंत्रित हो गई और रेलिंग तोड़ते हुए नहर में गिर गई। कार के नहर में गिरते ही अंदर फंसे युवक मदद के लिए चिल्लाने लगे और शीशे तोड़कर बाहर निकलने की कोशिश करते रहे, लेकिन कार लॉक हो जाने और पानी की गहराई के कारण वे बाहर नहीं निकल सके।

**जान जोखिम में डालकर बचाव की कोशिश**

हादसे के तुरंत बाद एक स्थानीय युवक ने बिना समय गंवाए नहर में कूदकर कार सवारों को बचाने का प्रयास किया, लेकिन तेज बहाव और गहराई के कारण वह सफल नहीं हो सका। इसके बाद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही इटारसी और पथरोटा पुलिस मौके पर पहुंची। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए नर्मदापुरम से एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया। एसडीआरएफ की प्लाटून कमांडर अमृता दीक्षित के नेतृत्व में करीब ढाई घंटे तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद कार को नहर से बाहर निकाला गया। जब कार के दरवाजे खोले गए, तो तीनों युवक अंदर मृत अवस्था में मिले। अमृता दीक्षित ने बताया कि कार के अंदर शीशे तोड़ने के प्रयास के स्पष्ट निशान मिले हैं, जिससे साफ है कि युवक आखिरी दम तक बाहर निकलने के लिए संघर्ष करते रहे। परिजनों के अनुसार, तीनों युवक कार से सिवनी मालवा गए थे और लौटते समय यह हादसा हो गया।

# कन्याकुमारी से कश्मीर किसान जागृति यात्रा की शुरुआत

## किसानों की मांग को लेकर देश के वरिष्ठ किसानों ने भरी हुंकार

### 18 फरवरी को नर्मदापुरम जिले में पहुंचेगी

नर्मदापुरम (निप्र)। कन्याकुमारी से संयुक्त किसान मोर्चा गैर राजनीतिक की किसान जागृति यात्रा विशाल जनसभा के बाद शुरू हुई जिसमें मुख्य तौर पर जगजीत सिंह डल्लेवाल पंजाब कुर्बुरु शांताकुमार ;कर्नाटक पीआर पांड्यंन ;तमिलनाडु पी अय्यकन्नू ;तमिलनाडु अभिमन्यु कोहाड़ ;हरियाणा इंदरजीत पन्नीवाला ;राजस्थान लीलाधर राजपुत एवम अरुण पटेल मध्यप्रदेश नितिन बाल्यान ; उत्तर प्रदेश हरसुलिन्दर सिंह एवम सोनू औलख ;पंजाब समेत सैंकड़ों किसान मौजूद रहे। किसान नेताओं ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर के यात्रा को शुरू किया और स्थानीय किसानों ने किसानी मांगों पर गाँवों.गाँवों से पारित कराए गए प्रस्तावों की प्रतियां जगजीत सिंह डल्लेवाल को सौंपी। किसान नेता पी आर पांड्यंन ने बताया कि कल सुबह 10 बजे मदुरै एवम शाम 5 बजे नागपटिनम में किसानों की जनसभाएं आयोजित की जाएंगी जिसमें तमिलनाडु के किसान बड़ी संख्या में भाग लेंगे। किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने बताया कि भारत.अमेरिका के मध्य हुए मुक्त व्यापार समझौते के तहत भारत के किसानों के हितों को आघात पहुंचाने का कार्य किया गया हैए उन्होंने कहा कि वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ट्वीट कर के कह रहे हैं कि खेती एवम डेयरी सेक्टरों की रक्षा करी जाएगी लेकिन भारत.अमेरिका के साझा वक्तव्य में' यह कहा गया है कि अमेरिका के खेती एवम खाद्य उत्पादों के ऊपर लगे नॉन.टैरिफ प्रतिबंधों पर चर्चा कर के उनका समाधान निकालने के लिए भारत तैयार हो गया हैए किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कहा कि ये दोनों विरोधाभासी बातें हैं और भारत.अमेरिका के साझा वक्तव्य से स्पष्ट हो गया है कि अमेरिका के दबाव के सामने भारत की सरकार ने अमेरिकी कृषि उत्पादों के लिए भारतीय बाजार को खोलने की स्वीकृति दे दी है जिस से भारत के किसानों को बहुत अधिक नुक्सान होगा। उन्होंने आगे बताया कि जल्द ही एक मीटिंग कर के संयुक्त किसान मोर्चा ;गैर.राजनीतिक भारत.अमेरिका के मध्य हुए मुक्त व्यापार समझौते के खिलाफ बड़े प्रदर्शन की घोषणा करेगा और भारत के किसान ऐसे किसी भी मुक्त व्यापार समझौते को बर्दाश्त नहीं करेंगे।

किसान नेता कुर्बुरु शांताकुमार ने कहा कि दिसंबर 2025 में अमेरिकी सरकार ने ष्फार्मर्स ब्रिज असिस्टेंसष् योजना के तहत अमेरिका के किसानों को 12 बिलियन डॉलर की परोक्ष तौर पर आर्थिक मदद की और हर वर्ष लगभग 80 लाख रुपये प्रति किसान को सब्सिडी के तौर पर दिया जाता है और दूसरी तरफ भारत में हर वर्ष लगभग मात्र 14000 रुपये प्रति किसान को सब्सिडी दी जाती है इसलिए भारत का किसान अमेरिका के किसान से मुकाबला नहीं कर सकता।

किसान नेता पी अय्यकन्नू ने कहा कि 19 मार्च को दिल्ली के रामलीला ग्राउंड में आयोजित किसान महापंचायत में तमिलनाडु के किसान बड़ी संख्या में भाग लेंगे और उन्होंने यह भी कहा कि डैच् गारंटी कानून पूरे देश के किसानों की सबसे महत्वपूर्ण मांग है और केंद्र सरकार को इसे जल्द से जल्द पूरा करना चहिए!

किसान संठगन के केशव साहू ने बताया कि कन्याकुमारी से कश्मीर तक किसान जागृति यात्रा जैसे ही नर्मदापुरम जिले में प्रवेश करेगी सुखतवा में आगमन से लेकर नर्मदापुरम जिले में कार्यक्रम आयोजित रहेंगे जिसमें यात्रा का भव्य स्वागत किसानों के द्वारा किया जाएगा।

## जिला उत्कृष्ट व मॉडल स्कूल एवं श्रमोदय आवासीय प्रवेश परीक्षा आज

नर्मदापुरम (निप्र)। मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा जिला उत्कृष्ट व मॉडल स्कूल एवं श्रमोदय आवासीय प्रवेश चयन परीक्षा 2026 का आयोजन किया जा रहा है। यह परीक्षा 8 फरवरी 2026 को सुबह 11 बजे से शुरू होगी और दोपहर 1 बजे तक चलेगी।श्रमोदय आवासीय प्रवेश परीक्षा में कुल 2 हजार 870 विद्यार्थी एवं जिला उत्कृष्ट/मॉडल स्कूल प्रवेश परीक्षा में 80 हजार 699 विद्यार्थी शामिल होंगे। परीक्षा के लिए प्रदेशभर में कुल 386 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

### बिजली कंपनी के वॉट्सएप चैटबॉट से बिल डाउनलोड और बिल भुगतान की सुविधा उपलब्ध उपभोक्ता सुविधा का लाभ उठाएं

नर्मदापुरम (निप्र)। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने बताया कि वॉट्सएप चैटबॉट से बिल डाउनलोड एवं बिल भुगतान सहित अनेक सुविधाएं उपलब्ध हैं। इसके लिए उपभोक्ता को कहीं भी जाने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि वे अपने मोबाइल के माध्यम से बिजली बिल डाउनलोड एवं भुगतान सहित अन्य 10 सेवाओं का फायदा उठा सकते हैं। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने बताया कि चैटबॉट नंबर 0755 2551222 पर 'Hi' (हाय) लिखते हैं तो तुरंत आपके सामने क्रमशः 10 अलग-अलग सुविधाओं की सूची आ जाएगी। यदि आपको अपने घर का बिजली बिल भरना है तो इसमें 2 नंबर पर 'फॉर बिल' का ऑप्शन दिखता है। मैसेज बॉक्स में जैसे ही आप 2 लिखते ही आपको 1 नंबर 'फॉर व्यू एंड पे एलटी बिल' का ऑप्शन सहित तीन अन्य ऑप्शन भी दिखेंगें। जब आप अपने बिल के लिए 1 नंबर लिखेंगे तो दो ऑप्शन आएंगे।


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री
## लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड़ नर्मदापुरम

दूरभाष क्रमांक 07574-253119
Email Address- eephedhos@mp.nic.in

:: निविदा आमंत्रण सूचना ::

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आनलाईन वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय एवं ऑनलाईन प्रस्तुत किये जावेंगे। ऑनलाईन वित्तीय ऑफर दिनांक 16.02.2026 शाम 17.00 बजे तक प्रस्तुत किये जा सकते हैं। निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाईट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

| निविदा सूचना क्रमांक | ई-टेण्डर क्रमांक | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (PAC) (रू.में) | धरोहर राशि (e-EMD) (रू.में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 34/25-26 Date 04-02-2026 | 2026_PHED_480248_1 //Second Call// | Hiring of 01 no. inspection vehicle (Diesel Car/Jeep of Ex. show room price upto Rs. 6.50 Lacs) for handpumps, water supply schemes and other govt. works in rural areas under Sub Division-Narmadapuram for one year. | 216000 | 4320 | 2000/- | 365 दिवस (वर्षा काल सहित) | - |

जी/25447/25

हेलमेट पहनकर वाहन चलायें,अपनी व दूसरों की जान बचायें

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
नर्मदापुरम



## कार्यालय वनमंडल अधिकारी वनमंडल बैतूल ( उत्पादन ) म0प्र0

दूरभाष क्रमांक- 07141-234408 Email- dfopbetul@mp.gov.in

क्रमांक/स्टोर/2028/144 बैतूल, दिनांक 02/02/2026

### ई-निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वन वृत्त बैतूल अंतर्गत उत्पादन वनमण्डल बैतूल में नवीन वनमंडल कार्यालय भवन का निर्माण कार्य किया जाना है। जिस हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र की शर्ते एवं विस्तृत जानकारी हेतु मध्यप्रदेश की वेबसाईट **https://mptenders.gov.in** पर लॉग-ऑन करें।

निविदा प्रपत्र का मूल्य राशि रूपये **5,000/-** तथा सत्यंकार की राशि रूपये **2,58,000/-** हैं। निविदा प्रपत्र ऑन-लाईन ही क्रय किया जा सकेंगे, एवं निविदा ऑनलाईन ही प्रस्तुत करने पर मान्य होगी।

निविदा का कुल मूल्य **जी.एस.टी. एवं अन्य करों सहित 86,00,000/-** रूपये है। निविदा में किसी प्रकार का संशोधन होने की स्थिति में संशोधन की जानकारी वेबसाईट पर दी जाएगी।

**निर्माण कार्य का विवरण**

| क्र | स्थल का नाम | कार्य का नाम | कार्य मात्रा | कार्य अनुसार ( कुल स्वीकृत राशि लाख में ) | निविदा की राशि ( 18% जी.एस.टी. छोडकर ) राशि लाख में | स्पेसिफिकेशन |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | उत्पादन वनमंडल बैतूल | नवीन वनमंडल कार्यालय भवन निर्माण | 01 भवन | 86.00 | 73.61 | संलग्न प्रोजेक्ट अनुसार |

**निविदा ऑनलाईन प्रस्तुत करने एवं खोलने का विवरण निम्नानुसार है :-**

| क्र | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 01 | Published Date | 09.02.2026 | निविदा ऑनलाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का समय वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर दर्शित है। |
| 02 | Document Sale Start Date | 09.02.2026 | |
| 03 | Bid Submission Start Date | 09.02.2026 | |
| 04 | Pre-Bid Meeting | 23.02.2026 | |
| 05 | Bid Submission End Date | 02.03.2026 | |
| 06 | Bid Opening Date | 04.03.2026 | |

G/25528/25

हेलमेट पहनकर वाहन चलायें,अपनी व दूसरों की जान बचायें

( विजेन्द्र खोब्रागड़े )
वनमंडल अधिकारी
( उत्पादन ) वनमंडल बैतूल


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस,तलैया भोपाल एव श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com